दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 अंक 07 सीकर, गुरुवार 05 मार्च 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

# बीदासर में खून की होली : तीन शूटरों ने होटल में की फायरिंग, होटल संचालक की मौत, 3 घायल

## आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर किया हाईवे जाम

### एसपी ने प्रेसवार्ता में कहा पुलिस जल्द करेगी मामले का खुलासा







निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के नोखा-सीकर रोड़ स्थित द रॉयल रेस्टोरेंट एण्ड होटल में सोमवार रात्रि को हुई फायरिंग प्रकरण में पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय में बुधवार की देरशाम जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने प्रेसवार्ता कर बताया कि मामले में अब तक कुल 10 लोगों को डिटेन किया जा चूका है, जिसमें तीन नामजद आरोपी शामिल है। यादव ने कहां कि व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के चलते मुन्नीराम मंडा की हत्या की गई है। पुलिस जल्द ही घटना में शामिल पूरें नेटवर्क का खुलासा करेगी। पूरें मामलें की एसआईटी जांच कर रही है। मामले का जल्द ही खुलासा किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

#### नामजद आरोपियों पर किया इनाम घोषित

वहीं एसपी जय यादव ने कहां कि घटना में शामिल नामजद आरोपी राजूराम नेहरा पुत्र रतनलाल जाट निवासी ढढेरू बीदासर व धन्नाराम ऊर्फ दानाराम पुत्र नेमाराम जाट निवासी मोमासर श्रीडूंगरगढ़ पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित किया है। बीदासर में होली के पर्व पर सोमवार की मध्य रात्रि को कस्बे के सीकर-नोखा स्टेट हाईवे 20 स्थित द रॉयल ट्रीट रेस्टोरेंट एण्ड होटल पर बोलेरो केम्पर में सवार होकर अज्ञात बदमाशों ने होटल में घूसकर रिसेप्शन काउंटर में खडें होटल संचालक मुनीराम मंडा व उसके साथियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर अज्ञात शूटर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची बीदासर थाना पुलिस ने फायरिंग से लहुलुहान अवस्था में घायल मुन्नीराम मंडा निवासी ढाणी कालेरान, भीखाराम खैरिया निवासी बोथीयासर, प्रभुराम भोभरिया निवासी दडीबा बीदासर, श्रवण कुमार निवासी ढाणी कालेरान को राजकीय टांटिया सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने चारों घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में ऐंबुलेंस की सहायता से हाई सेंटर सुजानगढ़ रैफर कर दिया। वहीं सुजानगढ़ के बगडिया अस्पताल पहुंचने पर घायल होटल संचालक मुन्नीराम मंडा को मृत घोषित कर शव को मोर्चरी में रखवा दिया तथा अन्य तीन घायलों को चिकित्सकों ने हाई सेंटर जयपुर रैफर कर दिया जहां घायल तीनों जिंदगी और मौत की जंग से जूझ रहें है।सूचना पर एसपी सहित एफएसएल टीम पहुंची मौके पर वहीं घटना की सूचना मिलते ही चूरू जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव, सुजानगढ़ एएसपी दिनेश कुमार, बीदासर पुलिस उपाधीक्षक नेमीचंद चौधरी, बीदासर थानाधिकारी दिलीप सिंह, सुजानगढ़, छापर और सांडवा थाना अधिकारी सहित चूरू से एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया और मौके से साक्ष्य जुटाएं। पुलिस ने होटल परिसर को सीलबंद कर दिया व होटल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। इस दौरान एसपी जय यादव ने कहां कि घटना में शामिल एक राजू नेहरा नामक आरोपी की पहचान कर ली गई है अन्य आरोपियों को भी जल्द डिटेन किया जाकर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

#### घटना के बाद कस्बे में फैली सनसनी

वहीं फायरिंग की घटना की खबर जैसे ही कस्बे में फैली तो लोगों में सनसनी फैल गई। कस्बेवासी होली के कई सार्वजनिक कार्यक्रमों को छोडकर हजारों की संख्या में राजकीय सीएचसी के बाहर इकठ्ठे हो गए। आमजन में दशहत का वातावरण बन गया। जिसके बाद रात्रि में होटल के बाहर पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता तैनात करना पड़ा।

## हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने हाईवे को किया जाम

वहीं मंगलवार की सुबह होटल संचालक मुन्नीराम मंडा की फायरिंग में मौत की सूचना जैसे ही आमजन में फैली तो परिजनों के साथ बडी संख्या में ग्रामीणों ने नोखा-सीकर स्टेट हाईवे पर स्थित पहले तो होटल के आगे और फिर श्रीडूंगरगढ़ तिराहे पर बैठकर करीब तीन घंटे तक आरोपियों की गिरफ्तारी, मामले की जांच में एसआईटी का गठन करने, परिजनों और गवाहों की सुरक्षा मुहैया करवाने, परिजनों को आर्थिक सहायता करने, मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने, परिवार के एक व्यक्ति को संविदा पर नौकरी देने सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर हाईवे को जाम रखा। जिसके बाद धरना स्थल पर पहुंचे सुजानगढ़ के अतिरिक्त जिला कलेक्टर संतोष मीणा, एएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम अमीलाल यादव सहित अधिकारियों ने धरनार्थियों से वार्ता कर समझाइश की। जिस पर अधिकारियों ने सकारात्मक आश्वासन दिया और वार्ता सफल होने के बाद हाईवे जाम खोला गया।

## घटना को लेकर 7 के खिलाफ मामला दर्ज

वहीं फायरिंग की घटना को लेकर बीदासर पुलिस थाने में हत्या, हत्या के प्रयास, हत्या के षड्यंत्र, अवैध हथियारों से फायरिंग आदि को लेकर ढाणी कालेरान निवासी रामरतन पुत्र रूपाराम मंडा की रिपोर्ट पर ढढेरू निवासी देवीसिंह खैरिया, राजू नेहरा, धन्नाराम ढाणी कालेरान, सुभाष गोदारा, सदाम अली, हाकम अली, कमल खैरिया निवासी बीदासर और अन्य के खिलाफनामजद मामला दर्ज हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट में लिखा है कि प्रार्थी होटल के रिसेप्शन पर काम कर रहा था, रिसेप्शन के पास प्रार्थी का भाई मुन्नीराम मंडा, भीकमचंद खैरिया, श्रवणराम मंडा, लक्ष्मण सिंह और 2 से 3 ग्राहक खडें थे। तबी अचानक रात्री को करीब सवा 12 बजें होटल के बाहर सफेद रंग की बोलेरो कैंपर सड़क पर खडी करके तीन लोग होटल के मैन गेट से अंदर घुसे। जिनमें आरोपी राजू नेहरा पुत्र रतुराम निवासी ढढेरू, धन्नाराम मोमासर को पहचानता हूँ तथा एक अन्य का नाम नामालूम है जिसे देखने से पहचान सकता हूँ। तीनों के हाथों में पिस्टल थी और उन्होंने होटल में घूसते ही रिसेप्शन के पास खडें होकर हम सब पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई इस फायरिंग से होटल में अफरातफरी मच गई। जान बचाने के लिए प्रार्थी रिसेप्शन से सटकर छिपने का प्रयास कर रहा था। घटना के दौरान प्रार्थी काउंटर से टकराकर घायल हो गया। उक्त फायरिंग में प्रार्थी का भाई मुन्नीराम पुत्र रामेश्वर लाल मंडा को काफी गोलियां लगी। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। उक्त घटना में श्रवणराम मंडा, भीकमचंद खैरिया, तथा प्रभुराम प्रजापत जो ग्राहक था। उसे भी काफी गोलियां लगी, जिससे सभी लोग गंभीर घायल हो गए। उक्त घटना के समय मुकेश मंडा, रामकरण मंडा, लक्ष्मण सिंह भी वहां मौजूद थे। जिन्होंने अपनी आंखों से आरोपियों को फायरिंग करते हुए देखा। पूरी घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद है। रिपोर्ट में लिखा है कि इस जघन्य अपराध को अंजाम देने के षड्यंत्र में मुख्य रूप से देवी सिंह ढढेरू, सुभाष गोदारा, सदाम अली, हाकम अली एवं कमल खैरिया के साथ षड्यंत्र रचकर उक्त तीनों लोगो से होटल के अंदर घूसकर फायरिंग करवाकर पूर्व नियोजित साजिश के तहत यह हत्या करवाई है। उक्त लोगों के खतरे के चलते पुलिस थाना बीदासर में प्रार्थी के भाई मुन्नीराम द्वारा पूर्व में शिकायतें भी की गई थी। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट पर 7 नामजद सहित अन्यों के खिलाफनामजद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच थानाधिकारी दिलीप सिंह कर रहे है।

## कलियुगी दादी ने अपनी ही 15 माह की पोती को गंदे पानी के नाले में डुबाकर मारा

निसं




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में रिश्तों को तार-तार कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां कलियुगी दादी ने अपनी ही 15 माह की पोती को गंदे पानी के नाले में डुबाकर हत्या कर दी। घटना का कारण सास-बहु का झगड़ा बताया गया है। घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज करए शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि शहर के वार्ड संख्या 44 की रहने वाली 27 वर्षीय निलोफर पत्नी अकरम बिसायती ने रिपोर्ट दी कि उसकी सास जरीना शादी के बाद से ही उससे रंजिश रखती है। उसकी 15 माह की बेटी सना घर में खेल रही थी। इसी दौरान उसकी सास जरीना बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई। बेटी घर से नदारद होने पर जब उसकी तलाश शुरू की, तो अन्य परिजनों ने बताया कि सना को जरीना अपने साथ लेकर गई है। जिस पर उसने घटना की सूचना थाने में दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी अलर्ट हो गई तथा बच्ची व उसकी दादी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस को पता चला कि सना को जरीना ने रामचंद्र पार्क से ईदगाह मस्जिद की तरफ जाने वाले सड़क पर बने गंदे नाले के पानी में डूबोकर मार दिया। नगरपालिका के कार्मिकों के सहयोग से बच्ची के शव को नाले से बाहर निकाला तथा जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी सास जरीना को राउंडअप कर लिया है। आरोपी जरीना से पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है।

## ईएसएम रैली की तैयारियां, जुटे फौज-प्रशासन

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू जिला मुख्यालय पर 08 मार्च, 2026 को ईएसएम एक्स- सर्विसमैन रैली के आयोजन को लेकर फौज और प्रशासन जुटे हैं और तैयारियां जोरों पर हैं। जिला मुख्यालय पर जिला खेल स्टेडियम में आयोजित होने वाली ईएसएम रैली में सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन होगा तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए शिकायत समाधान, रोजगार सहयोग व चिकित्सा शिविर भी लगाए जाएंगे। इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। रैली में करीब 6000 भूतपूर्व सैनिक व उनके परिजन, सैन्य अधिकारी, आमजन आदि भागीदारी निभाएंगे। जिला प्रशासन ने आमजन से ईएसएम रैली में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है।

**आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां**-सैन्य अधिकारियों ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि ईएसएम रैली के दौरान कलरिपयट्टू, सिलंबट्टम, हॉट एयर बैलून, डॉग शो, गतका, पाइप बैंड, मलखंभ, फ्लाईपास्ट बाई एएलएच डब्ल्यूएसआई व सैन्य उपकरण प्रदर्शन सहित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों, वीरांगनाओं व वेटरन अचीवर्स का सम्मान तथा चिकित्सा उपकरणों का वितरण किया जाएगा। इसी के साथ भूतपूर्व सैनिकों के लिए पेंशन व स्पर्श सहायता, शिकायत समाधान व रोजगार सहयोग तथा दंत चिकित्सा व अन्य चिकित्सा सुविधाओं के लिए शिविर भी लगाया जाएगा।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** महिला अधिकारिता निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में 04 मार्च से 08 मार्च 2026 तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को महिला अधिकारिता विभाग, चूरू द्वारा विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार कार्यशाला का ग्राम पंचायत राणासर ब्लॉक चूरू में आयोजन किया। कार्यशाला में सुपरवाईजर कृष्णा ने विभागीय योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान तस्लीम बानो, ग्राम साथिन सुनीता एवं पन्नाध्याय सम्मान एवं सुरक्षा केन्द्र की परामर्शदाता सुमन चौधरी एवं शारदा कंवर आदि कार्यशाला में उपस्थित रहे।

## धुलंडी पर सड़कों पर हुड़दंग, पुलिस की सख्ती से काबू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** धुलंडी के मौके पर बुधवार को शहर के कई इलाकों में युवाओं ने सड़कों पर जमकर हुड़दंग किया। जवाहर सर्किल, जेएलएन मार्ग सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में युवकों ने बीच सड़क डांस कर ट्रैफिक जाम की स्थिति बना दी। वर्ल्ड ट्रेड पार्क जयपुर, गौरव टावर और जवाहर सर्किल क्षेत्र में कई युवा समूह बनाकर सड़क पर मोबाइल से रील बनाते नजर आए। कुछ युवक चलती गाड़ियों की खिड़की से बाहर निकलकर तथा छत पर बैठकर स्टंट करते दिखे, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। कई स्थानों पर युवकों द्वारा अर्धनग्न होकर राह चलती युवतियों पर गुलाल और पानी फेंकने की शिकायतें भी सामने आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हुड़दंग कर रहे युवकों को खदेड़ते हुए सख्त कार्रवाई की। होली और धुलंडी पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहरभर में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। अभय कमांड सेंटर से सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन से सर्विलांस और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग की गई। अफवाह और भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर भी पुलिस की विशेष नजर रही। एडिशनल कमिश्नर कानून-व्यवस्था डॉ. राजीव पचार ने बताया कि शराब पीकर उत्पात मचाने, छेड़छाड़ करने और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। इसके लिए 11 एएसपीए 45 एसीपीए 80 थानाधिकारी, 1500 पुलिसकर्मी और आरएसी की पांच कंपनियां तैनात की गई थीं। पुलिस की सख्ती के चलते संवेदनशील क्षेत्रों में स्थिति पर शीघ्र काबू पा लिया गया और शहर में कानून.व्यवस्था बनाए रखी गई।

## मुख्यमंत्री निवास पर होलिका दहन : शर्मा ने की प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार मध्यरात्रि के पश्चात सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री निवास पर होली पूजन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। शर्मा ने यहां श्री राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में विधिवत रूप से होली पूजन किया। इसके बाद मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया। इस दौरान राजस्थान पुलिस की आरएसी बटालियन के जवानों ने चंग की थाप पर होली के गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने जवानों से मिलकर उनकी हौसला अफजाई की।

## अमरापुर स्थान बना ब्रजधाम : भजन-संकीर्तन और फूलों की होली में झूमे श्रद्धालु

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आस्था-श्रद्धा और भक्ति के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान में बुधवार को होली का पर्व हर्षोल्लास और आध्यात्मिक उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं और पूरा परिसर इत्र की सुगंध व फूलों की महक से ब्रजधाम सा प्रतीत होने लगा। नित्य नियम प्रार्थना के पश्चात सतगुरु स्वामी सर्वानंद जी महाराज के प्रवचनों का वाचन किया गया। इसके बाद संतों ने सदगुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज द्वारा रचित अमरापुर वाणी के भजनों का सुमधुर गायन किया। संतों के संग होली खेलो, पीओ प्रेम प्याला जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। संत महात्माओं ने भगवान नरसिंह एवं आचार्य सदगुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज की प्रतिमाओं का केसर तिलक कर होली के मिष्ठान घीवर-गुजिया का भोग लगाया। प्रातः 10 बजे से संतों के सानिध्य में फूलों की भव्य होली खेली गई। केसर तिलक लगाकर संतों ने सभी श्रद्धालुओं को होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पारंपरिक सिंधी लोक नृत्य ष्छेजष् की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वामी मनोहर लाल जी महाराज, संत मोनूराम जी महाराज, संत नरेश लाल जी एवं संत नवीन जी सहित अन्य संतों ने अमरापुर वाणी के होली पदों का भावपूर्ण गायन किया।

## होली स्नेह मिलन आयोजित



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** द हैदराबाद कटपीस क्लोथमर्चेंट एसोसिएसन द्वारा होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। इस दौरान पचेरी कलां निवासी हैदराबाद प्रवासी राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संघ तेलंगाना प्रदेश अशोक कुमार सेन का स्वागत किया गया और एक दुसरे को होली की बधाई व शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर आगंतुकों के लिए संगीत संध्या व भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस मौके पर एसोसिएसन अध्यक्ष बालकिशन अग्रवाल, महामंत्री सुनील अग्रवाल, उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शेष कुमार गोयल, सहमंत्री अंचल गुप्ता, धीरज गुप्ता, अनिल शर्मा, शैलेष अग्रवाल आदि ने भाग लिया।

## होली के हुड़दंग से खुशियों में खलल : 900 से अधिक मरीज पहुंचे अस्पताल

जयपुर (नवयत्न)।

रंगों के पर्व होली पर हुड़दंग और लापरवाही ने कई परिवारों की खुशियों में खलल डाल दिया। शहर में विभिन्न हादसों में 100 से अधिक लोग चोटिल हो गए। बीते 24 घंटे में एसएमएस अस्पताल जयपुर में मरीजों की संख्या में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई। अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में कुल 329 मरीज पहुंचे।

जिनमें से 17 मरीज ऐसे थे जो होली खेलने के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए।

## कोबरी-सार



## धुलंडी के रंग में रंगी राजधानी
### फागुन की उमंग में झूमा प्रदेश



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेशभर में होली और धुलंडी का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धुलंडी के दिन चारों ओर एक ही गूंज सुनाई दीकृष्बुरा न मानो, होली है। राजधानी जयपुर में बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी होली के रंग में सराबोर नजर आए। राजधानी जयपुर में सुबह से ही रंगों और उमंगों का उल्लास दिखाई देने लगा। लोगों ने एक-दूसरे को प्रेम और सद्भाव की फुहारों से भिगोया। परस्पर रंग, गुलाल और अबीर लगाकर होली खेली गई। इस दौरान सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं की भी झलक देखने को मिली। युवाओं की टोलियां चंग, ढफऔर ढोल-नगाड़ों की थाप पर सड़कों पर मस्ती करती नजर आईं। लोग गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के गले लगे और मिठाई खिलाकर बधाई दी। बच्चों में पिचकारी से रंग खेलने का विशेष उत्साह रहा। कई स्थानों पर युवक राहगीरों को भी रंग लगाते हुए बुरा न मानो होली है कहते नजर आए। इसके अलावा शहर के होटलों, रिसॉर्ट्स और गेस्ट हाउसों में भी होली का उल्लास छाया रहा। साथ ही देसी-विदेशी सैलानियों ने भी जमकर होली खेली। राजधानी घूमने आए विदेशी पर्यटक खुद को रंगों से दूर नहीं रख पाए और पूरे उत्साह से इस पर्व में शामिल हुए। धुलंडी और रामा-श्यामा की परंपरा के तहत लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर नेह का गुलाल लगाया।

ठंडी बयार, फागुन की छटा और रंगों का इंद्रधनुष उत्सव के उत्साह को और बढ़ाता नजर आया। लोकगीतों और संगीत से सराबोर फाग मंडलियों ने मधुर प्रस्तुतियों से माहौल को खुशनुमा बना दिया। बच्चों, युवाओं, युवतियों, महिलाओं और बुजुर्गों की टोलियां आपस में रंग लगाते हुए दिखाई दीं। घरों में भी महिलाओं और बुजुर्गों ने प्रेम और अपनत्व के साथ होली मनाई। रंग, अबीर और गुलाल से सराबोर चेहरों के साथ राजधानी धुलंडी के रंग में पूरी तरह रंगी नजर आई।

## स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में 6 मार्च से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** निम्बी जोधा के प्रतिष्ठित सरकारी शिक्षण संस्थान स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 6 मार्च से प्रारंभ होगी। इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विद्यालय प्रिंसिपल राहुल बाहरिया ने बताया कि कक्षा एक में नई 40 सीट, कक्षा 6 में 40 सीटें और कक्षा 2 से कक्षा 9 वीं तक रिक्त सीटों के आधार पर प्रवेश आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के इच्छुक अभिभावक 6 मार्च से 16 मार्च तक आवेदन पत्र भर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद 23 मार्च को पात्र विद्यार्थियों की सूची प्रकाशित की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश प्रपत्र 25 मार्च से भरवाए जाएंगे। नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ 1 अप्रैल से होगा। कक्षा 9 में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के लिए 18 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा परिणाम के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर विद्यार्थियों का चयन रिक्त सीट के लिए किया जाएगा। प्रवेश के समय अभिभावकों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र या अध्ययनरत प्रमाण पत्र, पूर्व कक्षा की अंकतालिका, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनगरिया थाना इलाके में जहरीला पदार्थ खाने से एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी एसआई गिरवर सिंह ने बताया कि जगतपुरा के कुसुम विहार निवासी प्रेम देवी 54 पत्नी कमलेश मीणा ने अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने तत्काल उन्हें संभाला और गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जेएनयू अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में जहर से मौत होना सामने आया है। हालांकि एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि महिला ने कौन.सा विषैला पदार्थ सेवन किया था। मामले की जांच जारी है।



# फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नं 2 काका चौक पर फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लक्ष्मणगढ़ सेठों की कोठी की शिव बालाजी ढफ मंडली की ओर से फाल्गुनी धमालो, लोक गीतों एवं देशभक्ति गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतिया देकर देर रात तक शमा बांधे रखा।

आयोजन समिति के योग गुरु पंडित संपत शर्मा एवं दिलीप मीणा सहित अन्य आयोजकों की ओर से मंडली का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पचलंगिया, मुकुंदगढ़ कुमावत समाज के अध्यक्ष डॉ विजय कुमावत, पंडित आदित्य नारायण सुरोलिया, सीताराम सोनी, प्रमोद पचलंगिया, महेश जादम, पंकज शर्मा, जनार्दन शर्मा, प्रह्लाद चेजारा, मनीष शर्मा, ऋषि पचलंगिया, रामरतन गुर्जर, राकेश गुर्जर, नंदलाल चौधरी, सुरेंद्र, राजकुमार, रतन लाल कुमावत, अनुराग सैनी, शैलेंद्र सैनी, गोगराज सैनी, विकास बेसवाल, कपिल सैनी, प्रेम गुर्जर, गोविंद शर्मा, रोबिन गुर्जर, पवन गुर्जर, राजकुमार सोनी, चिरंजी लाल कुमावत, रामस्वरूप कुमावत, सुशील मोदी, प्रमोद सैनी, विष्णु सैनी, प्रमोद धाभाई, प्रताप सैनी, चंद्र शेखर सैन सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

## गींदड़ नृत्य का हुआ समापन, कलाकारों का किया सम्मान

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** होली के उपलक्ष में श्री करणी सेवा संस्थान तारानगर के तत्वावधान में आथूना बास करणावत चौक में आयोजित 5 दिवसीय गींदड़ नृत्य का समापन हुआ। भाजपा नेता राकेश जांगिड़, मोतीलाल व्यास, डीएसपी रोहित सांखला, संस्थान के प्रभूसिंह राठौड़, गजानन्द जांगिड़, जगदीश सैनी, कृष्णसिंह राठौड़, हनुमानमल सोनी, पार्षद अशोक जांगिड आदि ने गींदड़ में श्रेष्ठ नृत्य का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया। 5 दिन तक चले गींदड़ नृत्य में लोगों ने नाच-झूमकर खूब मनोरंजन किया। भारतीय मानव विकास संस्थान तारानगर द्वारा गढ़ चौक में आयोजित चार दिवसीय घूमर नृत्य गिंदड़ प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण कर किया गया। संस्थान के अध्यक्ष देवकीनन्दन सैनीए उपाध्यक्ष वासुदेव शर्मा, सचिव सुरेंद्र कुमार नाई, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार सैनी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कलाकारों का प्रशस्ति-पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। महेन्द्र कुमार सरावगी व माणकचन्द सैनी का विशेष आर्थिक सहयोग रहा है। कैलाश राजपुरोहित, मोहनलाल गोस्वामी, बाबुलाल सोनी आदि ने घूमर नृत्य में शानदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर बनवारी लाल शर्मा, गुलाब सौंलकी, कुरड़ामल डागा, अंजनी कुमार बजाज, दीनदयाल मरदा, आशिष कुमार सगतानी, संजय कुमार इंदोरिया, श्रीभगवान स्वामी, दिनेश गिर गोस्वामी, रवि गोस्वामी, गंगा राम चाचान, मोहित बरड़ीया, सुनील भोजक, रामावतार भोजक, बाबुलाल भोजक, संजय कुमार नाई, मदन गिर गोस्वामी, विष्णु गिर गोस्वामी, कालू गिर गोस्वामी, महेंद्र गिर गोस्वामी, हितेश नाई, मोहित नाई, नत्थमल गोस्वामी, लक्ष्मण गिर गोस्वामी, आशिष भोजक, गणेश हंसावत, सादगिर गोस्वामी आदि अनेक लोग तथा कलाकार मौजूद थे।





## मरुधरा हाफ मैराथन में दौड़े हजारों की संख्या में धावक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कल्पतरु शिक्षा समिति की ओर से आयोजित मरुधरा हाफ मैराथन का तृतीय संस्करण का आयोजन किया गया। लगभग विभिन्न आयु वर्ग के 2000 से अधिक धावकों ने 21 किमी, 10 किमी तथा 5 किमी में उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के खेल एवं युवा मामलात मंत्रालय के सचिव नीरज केण् पवन रहे। जिन्होंने मैराथन का फ्लैग ऑफकिया। विशिष्ट अतिथियों में उत्तर पश्चिम रेलवे की रेल्वे प्रोटेक्शम फोर्स आरपीएफ के आईजी ज्योतिकुमार सतीजा, एएनएस सोलर के आशीष शर्मा, शुभआशीष मरीना के रोहित पाटनी, रीको के जीएम दिनेश पहाड़िया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण मिस अदिति शर्मा, मिस इंडिया सेलेस्टे इंडिया 2025 रहीं। जिनकी उपस्थिति ने प्रतिभागियों का उत्साह और बढ़ा दिया। मैराथन का शुभारंभ बॉम्बे हॉस्पिटल जयपुर परिसर से हुआ। धावक सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित शुभआशीष मरीना तक दौड़ते हुए पुनः बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचकर फिनिश लाइन पर पहुंचे। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों का जोश और ऊर्जा देखने लायक रही। इस अवसर पर नीरज के पवन ने कहा कि मरुधरा हाफ मैराथन का उद्देश्य केवल दौड़ तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ राजस्थान की संस्कृति, कला और परंपराओं को बढ़ावा देना भी है। वहीं आईजी ज्योतिकुमार सतीजा ने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से समाज में फिटनेस के साथ-साथ जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना भी विकसित होती है। मरुधरा हाफमैराथन में युवाओं, परिवारों और विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी यह दिखाती है कि अब स्वस्थ जीवनशैली जनआंदोलन का रूप ले रही है। इस आयोजन का मुख्य प्रायोजन एएनएस सोलर द्वारा किया गया, जबकि शुभआशीष मरीना एवं रीको सह-प्रायोजक रहे। विभिन्न आयु वर्ग के धावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। वहीं इस मैराथन का उद्देश्य समाज में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित करना है। दौड़ पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को टी-शर्ट, मेडल एवं नाश्ते की व्यवस्था प्रदान की गई। कार्यक्रम के उपरांत प्रतिभागियों ने फागोत्सव के साथ साथ राजस्थानी धरोहर को प्रदर्शित करते हुए आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लिया, जिसने आयोजन में सांस्कृतिक रंग भर दिए। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की गईं, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बावलिया बाबा की हवेली बनी म्यूजियम, लोकार्पण 19 को



**बुगाला ( नवयत्न )।** गांव में बावलिया बाबा की हवेली को म्यूजियम में परिवर्तित किया गया है, जिसका लोकार्पण 19 मार्च को होगा। अरुण केडिया ने बताया कि इस अवसर पर ऊबली बालाजी से बुगाला घाम तक डीजे पर निशान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा व जलपान से स्वागत किया जाएगा। बावलिया बाबा की हवेली में उनके उपयोग की गई वस्तुएं, स्मृति चिह्न और हवेली की पारंपरिक संरचना को संरक्षित रखा गया है। यह म्यूजियम परमहंस गणेशजी चैरिटी ट्रस्ट मुंबई द्वारा बनाया गया है। यहां उनके जीवन और कार्यों को प्रदर्शित किया गया है, जिसमें उनके उपयोग की गई वस्तुएं, पुराने दस्तावेज, और पारंपरिक वस्त्र शामिल हैं। म्यूजियम के निर्माण में बावलिया बाबा के परिवार के सदस्यों और ट्रस्ट का सहयोग रहा है। 19 मार्च को होने वाले लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे, और निशान यात्रा के दौरान बावलिया बाबा के भजन और नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। बावलिया बाबा एक महान संत थे, जिन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा और भक्ति में समर्पित किया था। उनके म्यूजियम में उनकी जीवन कहानी, उनके द्वारा किए गए कार्य, और उनके विचारों को प्रदर्शित किया गया है। बाबा के उपयोग की गई वस्तुएं, जैसे कि उनके कपड़े, पूजा की वस्तुएं, और उनके द्वारा लिखे गए हस्तलिपि को भी प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा, म्यूजियम में बावलिया बाबा के जीवन से जुड़ी तस्वीरें भी लगाई गई हैं। गौरतलब है कि बावलिया बाबा का जन्म बुगाला की इसी हवेली में हुआ थाए और उन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा और भक्ति में समर्पित किया था। वह एक महान संत थे, जिन्होंने लोगों को सही रास्ते पर चलने और भगवान की भक्ति करने के लिए प्रेरित किया था। यहां उनकी जीवन कहानी, उनके द्वारा किए गए कार्य, और उनके विचारों को प्रदर्शित किया गया है। समारोह में परमहंस गणेशजी चैरिटी ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री रतन सिंघानिया, जनसेवा ट्रस्ट के आत्माराम शर्मा सहित अनेक संत भी शामिल होंगे।

## ठाकुरजी संग भक्तों ने खेली फूलों की होली

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर के श्री गोविंद देव जी मंदिर में सोमवार को होली उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में विशेष झांकियां सजाई गईं और भगवान राधा-गोविंद की सुसज्जित प्रतिमा के समक्ष भक्तों ने रंगों का आनंद लिया। उत्सव की शुरुआत ठाकुरजी को फूलों की होली अर्पित कर की गई। महंत अंजन गोस्वामी ने राजभोग झांकी में ठाकुर श्रीजी को गुलाल अर्पित कर आरती उतारी। इसके बाद भक्तों ने चंग की थाप और पारंपरिक भजनों के साथ होली खेली। पुजारियों द्वारा पिचकारी से पानी की बौछार की गई और श्रद्धालुओं पर रंग.बिरंगा गुलाल फेंका गया। फूलों की वर्षा के बीच पूरा मंदिर परिसर रंगों से सराबोर हो गया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवतियां और बच्चे दर्शन के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने हाथ ऊपर उठाकर जयकारे लगाए और भगवान को होली की बधाई दी। राधा-गोविंद संग होली खेलने आए भक्तों को प्रसाद भी वितरित किया गया। इधर भीड़ को देखते हुए दर्शन व्यवस्था देवउठनी एकादशी और दीपावली की तर्ज पर की गई है। सभी श्रद्धालुओं की एंट्री जलेब चौक से तथा निकासी जय निवास उद्यान की ओर से की गई। साथ ही श्रद्धालुओं को दो लाइनों से प्रवेश दिया गया है। जूता-चप्पल पहनकर आने वाले बाहर बने रैंप से दर्शन किया, जबकि बिना जूता-चप्पल वाले मंदिर छावनी में प्रवेश कर दर्शन किया। वहीं मंदिर प्रशासन ने अपील की गई है कि श्रद्धालु कीमती सामान, बैग या भारी आभूषण पहनकर न आएं तथा पानी की बोतल साथ रखें। हृदय रोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर या सांस की तकलीफसे पीड़ित लोगों से भी भीड़ को देखते हुए सावधानी बरतने की अपील की गई है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, एक हुआ घायल

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सोमवार की शाम को सुजानगढ़ सालासर रोड पर लोढसर में तेजाजी के मंदिर के पास मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें मुकेश पुत्र जगदीश जाट, निवासी लोढसर की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। जबकि नरेंद्र उर्फ बबलू पुत्र जगदीश जाट निवासी लोढ़सर गंभीर घायल हो गया। सूचना पर सदर थाना पुलिस, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार,, एम्बुलेंस चालक सिकंदर तथा एक अन्य वाहन से मृतक के शव तथा गंभीर घायल को सुजानगढ़ अस्पताल पहुँचाया। शव को बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया तथा गंभीर घायल नरेंद्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार दोनों भाई किसी काम से बाहर गए थे तथा वापस घर लौट रहे थे। उधर गांव वाले और घरवाले होलिका दहन करने गए थे कि ये दु:खद हादसा हो गया तथा पूरे गांव में त्योहार के समय में माहौल गमगीन हो गया।

## रणजीत सिंह सोडाला भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने और राजनीतिक संतुलन बनाए रखने की दिशा में प्रदेश कार्यसमिति का विस्तार किया है। पार्टी नेतृत्व ने स्थायी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की नियुक्ति कर संगठनात्मक ढांचे को नया स्वरूप दिया है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी द्वारा जारी सूची में कुल 154 सदस्यों को शामिल किया गया है। इसी क्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री रणजीत सिंह सोडाला को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद उन्हें बधाई देने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का उनके निवास पर तांता लगा रहा। रणजीत सिंह सोडाला ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

# दस मंजिला अपार्टमेंट के फ्लैट में लगी भीषण आग
# छत पर फंसे दो परिवारों का किया रेस्क्यू

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्याम नगर थाना इलाके में मंगलवार सुबह 10 मंजिला अपार्टमेंट के छठे फ्लोर स्थित एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने रेजीडेंसी गाड्र्स की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर पूरी बिल्डिंग खाली करवाई। छत पर फंसे दो परिवारों को हाइड्रोलिक फायर ब्रिगेड की सहायता से सुरक्षित नीचे उतारा गया। थानाधिकारी दलवीर सिंह ने बताया कि जनपथ स्थित अलौकिक स्वरूप रेजिडेंसी नामक 10 मंजिला अपार्टमेंट में करीब 200 लोग निवास करते हैं। मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे छठी मंजिल पर रहने वाले कमल के फ्लैट में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख कमल अपने परिवार सहित तुरंत बाहर निकल आए, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे अपार्टमेंट में धुएं का गुबार फैल गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और रेजिडेंसी गाड्र्स की मदद से सभी फ्लैट्स से लोगों को बाहर निकाला। इस दौरान दो परिवारों के आठ सदस्य जान बचाने के लिए लिफ्ट से छत पर पहुंच गए। आग बढ़ने पर वे नीचे उतरना चाहते थे, लेकिन वायरिंग जल जाने से लिफ्ट बंद हो गई और वे छत पर ही फंस गए। इनमें 80 वर्षीय चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्ग महिला भी शामिल थीं। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। धुएं से पूरा अपार्टमेंट भर गया था। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कांस्टेबल अंकित और मुखराम पांचवीं मंजिल तक पहुंचे और वहां लगे कांच तोड़कर धुआं बाहर निकाला। जिससे अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर लाया जा सका। हाइड्रोलिक फायर ब्रिगेड की मदद से छत पर फंसे दोनों परिवारों को सुरक्षित नीचे उतारा गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से फ्लैट पूरी तरह जल गया और उसमें रखा सामान राख हो गया, जिससे लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### सब्जी की दुकान में भीषण आग लगने से छह लाख का माल राख

वहीं विश्वकर्मा थाना इलाके में मंगलवार अलसुबह एक सब्जी की दुकान में भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने पांच दमकलों की मदद से करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से दुकान में रखा करीब 6 लाख रुपए का माल जलकर राख हो गया। थानाधिकारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि सीकर रोड स्थित खेतान हॉस्पिटल के पास सूरजमल जांगिड़ की सब्जी की दुकान है। रात करीब 2:15 बजे बंद दुकान से अचानक धुएं के साथ आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। भीषण आग को देखकर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही विश्वकर्मा थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। पांच दमकलों की सहायता से आग पर काबू पाया गया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## जयपुर में होली पर डेढ़ हजार करोड़ का कारोबार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रंगों के पर्व होली पर इस बार राजधानी के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। व्यापारियों के अनुसार जयपुर में ही होली के अवसर पर करीब डेढ़ हजार करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हुआ, जबकि पूरे प्रदेश में लगभग 5 हजार करोड़ रुपए के व्यापार का अनुमान लगाया है। देशभर में होली पर करीब 80 हजार करोड़ रुपए के कारोबार की संभावना जताई गई है। जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत अधिक है। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने बताया कि जयपुर में करीब डेढ़ हजार करोड़ और प्रदेशभर में लगभग 5 हजार करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है। उन्होंने कहा कि बाजार में आई यह तेजी व्यापारियों के लिए उत्साहजनक संकेत है। गौरतलब है कि घर से बाजार तक इस बार होली का उत्साह दोगुना नजर आया। सुबह से देर रात तक रंग-गुलाल, पिचकारी, हर्बल कलर और होली गिफ्ट पैक्स की जमकर बिक्री हुई। त्रिपोलिया बाजार, किशनपोल बाजार, चांदपोल बाजार सहित बाहरी बाजारों में राजा पार्क, मानसरोवर झोटवाड़ा, वैशाली नगर और मालवीय नगर में जगह-जगह स्थायी और अस्थायी दुकानें सजी रहीं। साथ ही इस बार बाजार में 16 अलग-अलग रंगों की गुलाल उपलब्ध रही। पारंपरिक गुलाबी और लाल के साथ पर्पल, टर्क्वाइज, ऑरेंज, येलो, ग्रीन और मल्टी कलर पैक्स खास आकर्षण बने। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां और युवाओं के लिए प्रीमियम हर्बल गुलाल की मांग अधिक रही। व्यापारियों के अनुसार पिछले दो वर्षों की तुलना में इस बार मांग 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ी है। गुलाल के थोक विक्रेता राकेश गुप्ता ने बताया कि खासकर हर्बल और स्किन-फ्रेंडली रंगों की बिक्री बेहतर रही। ग्राहकों का रुझान अब केमिकल-फ्री उत्पादों की ओर अधिक दिखाई दे रहा है। होली मिलन समारोहों और कॉर्पोरेट ऑफिसों में फेस्टिव सेलिब्रेशन के चलते गिफ्ट पैक और ड्राई कलर किट की मांग में भी वृद्धि हुई है।

कीमतों की बात करें तो बाजार में 200 ग्राम से लेकर एक किलो तक के पैकेट उपलब्ध रहे। अरारोट की गुलाल 120 से 200 रुपए प्रति किलो तक बिकी, जबकि सादा गुलाल 60 से 100 रुपए प्रति किलो तक रही। गुलाल गोटे के छह पीस के पैकेट 180 से 300 रुपए तक बिके। रंग-गुलाल के साथ मिठाई और नमकीन की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी, जिससे मिठाई कारोबारियों के चेहरे भी खिले नजर आए। होली का यह पर्व शहर की अर्थव्यवस्था को व्यापक स्तर पर गति देने वाला साबित हुआ।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में मादा हिप्पो रानी ने दिया बच्चे को जन्म

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नाहरगढ़ जैविक उद्यान से अच्छी खबर सामने आई है। यहां स्थित एग्जोटिक पार्क में रहवास कर रही मादा हिप्पो रानी ने एक बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे के जन्म के बाद उद्यान प्रशासन में खुशी का माहौल है। उद्यान के उप निदेशक डॉ. अरविंद माथुर ने बताया कि मादा हिप्पो रानी ने तीसरी बार बच्चे को जन्म दिया है। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं तथा वन्यजीव चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है। सुरक्षा के मद्देनजर हिप्पो एनक्लोजर के आसपास विशेष सतर्कता बरती जा रही है। नवजात बच्चे के जन्म के साथ ही नाहरगढ़ जैविक उद्यान में हिप्पो की कुल संख्या बढ़कर छह हो गई है। उद्यान प्रशासन के अनुसार यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में सकारात्मक संकेत है और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। उद्यान प्रबंधन ने बताया कि आने वाले दिनों में बच्चे को नियंत्रित रूप से पर्यटकों के लिए दिखाया जाएगा। फिलहाल उसे मां के साथ सुरक्षित वातावरण में रखा गया है। माथुर ने बताया कि एग्जॉटिक पार्क में हिप्पोपोटामस का जोड़ा दिल्ली के नेशनल जूलॉजिकल गार्डन से 2019 में लाया गया था। इसकी बेहतर देखभाल स्वास्थ्य प्रबंधन के कारण 2020 में प्रथम बार राजस्थान में हिप्पोपोटामस का सफल प्रजनन हुआ। उसके बाद 2022, 2024, एवं2025 में भी मादा हिप्पोपोटामस में सफल प्रजनन हुआ है। राजस्थान में हिप्पोपोटामस का जोड़ा केवल नाहरगढ़ जैविक उद्यान में है और यहां पर हिप्पोपोटामस का सफल संरक्षण एवं प्रजनन भी हो रहा है कुल मिलाकर अभी तक नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में हिप्पोपोटामस की संख्या छह हो गई है । आने वाले दिनों में वन्य जीव एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत हिप्पोपोटामस के बदले नाहरगढ़ जैविक उद्यान को नए वन्य जीव मिलने की उम्मीद है पार्क के उपनिदेशक डॉ. अरविंद माथुर ने बताया की हिप्पोपोटामस एग्जॉटिक प्रजाति का प्राणी है। इसका केप्टिविटी में यहां के वातावरण में सफल प्रजनन एवं संरक्षण होना विशेष उपलब्धि है । इसका खानपान एवं आवश्यक विटामिन मिनरल्स एवं अन्य सप्लीमेंट्स का ध्यान रखा जाता है। हिप्पोपोटामस स्ट्रास और शोक फ्री रहे इसका भी विशेष इंतजाम किया जाता है। समय-समय पर आवश्यक सप्लीमेंट्स विटामिंस मिनरल्स एवं क्रमिनाक्षक दवाइयां हिप्पोपोटामस को दी जाती है । नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क के एक्जॉटिक पार्क में



हिप्पोपोटामस पर्यटकों एवं बच्चों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है । डॉ अरविंद माथुर ने बताया कि पिछले वर्षों में नाहरगढ़ जैविक उद्यान में विभिन्न प्रजातियों का सफल संरक्षण एवं प्रजनन हुआ है जिसमें बाघ, एशियाई शेर, भेड़िया, मगरमच्छ, घड़ियाल, चेसिंगा, देसी भालू एवं जरख शामिल है।

# होली मिलन समारोह में नेताओं-कार्यकर्ताओं ने खेली रंगों की होली



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रंगों का पावन पर्व होली राजधानी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आमजन के साथ राजनीतिक गलियारों में भी त्योहार की खासी धूम रही। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जमकर रंग-गुलाल खेला और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र शेखावत और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मनीषा सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर नजर आया और ढोल.नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता झूमते दिखाई दिए। इस मौके पर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि होली रंगों और आपसी प्रेम का त्योहार है, जिसे उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए। मन के सभी भेदभाव मिटाकर एक.दूसरे को गले लगाने और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि होली के बाद किसानों की फसल कटाई का समय शुरू होता है। ऐसे में वे ईश्वर से प्रार्थना करती हैं कि प्रदेश के किसानों की फसल अच्छी हो और उन्हें उनकी मेहनत का पूरा फल मिले। प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मनीषा सिंह ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम और एकता का संदेश देता है। होली हमें मनमुटाव भुलाकर सभी को प्रेम के धागे में पिरोने की सीख देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक परिवार की तरह है और परिवार के साथ होली मनाने का विशेष आनंद है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर त्योहार मना रहे हैं, जो संगठन की मजबूती को दर्शाता है। डॉ. मनीषा सिंह ने प्रदेश की वर्तमान भजनलाल सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिससे प्रदेश में सकारात्मक माहौल बना है। हाल ही में प्रस्तुत बजट को भी आमजन और किसानों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह त्योहार प्रदेश में और अधिक खुशहाली और समृद्धि लेकर आएगा। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। राजनीतिक व्यस्तताओं के बीच नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उत्सव के रंग में डूबकर आपसी संबंधों को और प्रगाढ़ किया तथा प्रदेशवासियों से प्रेम, एकता और सद्भाव के साथ होली मनाने का संदेश दिया।

## मुंबई-जयपुर फ्लाइट में क्रू से दुर्व्यवहार करने वाला यात्री को पकड़ा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुंबई से जयपुर आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में एक यात्री द्वारा सिगरेट पीने की कोशिश और क्रू मेंबर्स से अभद्रता का मामला सामने आया है। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद पुलिस ने आरोपी यात्री को हिरासत में ले लिया। क्रू मेंबर ने उसके खिलाफ एयरपोर्ट थाने में लिखित शिकायत दी है। जानकारी के अनुसार मामला मंगलवार सुबह फ्लाइट एसजी-920 का है। फ्लाइट ने सुबह 9:30 बजे मुंबई से जयपुर के लिए उड़ान भरी थी। टेकऑफ के तुरंत बाद एक यात्री ने विमान के भीतर सिगरेट जलाने की कोशिश की। क्रू मेंबर्स ने उसे नियमों की जानकारी देते हुए रोका तो वह भड़क गया और हंगामा करने लगा। आरोप है कि उसने क्रू मेंबर के साथ दुर्व्यवहार करते हुए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। क्रू ने स्थिति को संभालते हुए अन्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। फ्लाइट सुबह करीब 11:35 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंची, लेकिन यहां भी यात्री का हंगामा जारी रहा। अराइवल एरिया में भी उसने अभद्र व्यवहार किया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद एयरलाइन स्टाफ ने पूरे घटनाक्रम की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। एयरपोर्ट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी यात्री को हिरासत में ले लिया। थानाधिकारी रूप नारायण ने बताया कि एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से एक व्यक्ति को पुलिस के सुपुर्द किया गया है। मामले की जांच की जा रही है और शिकायत के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उड़ान के दौरान धूम्रपान की कोशिश और क्रू के साथ दुर्व्यवहार को विमानन नियमों के तहत गंभीर उल्लंघन माना जाता है। ऐसे मामलों में संबंधित यात्री के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

## गौ-रक्षा के मुद्दे पर राजभवन तक निकाला जाएगा मार्च : खाचरियावास



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेशभर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास के आवास पर भी बड़ी संख्या में समर्थक पहुंचे और उन्हें गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। खाचरियावास ने यूजीसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पहले समाज को धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश की गई और अब विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के छात्रों के बीच टकराव की स्थिति पैदा की जा रही है। उन्होंने कहा कि छात्र बेरोजगारी और रोजगार के मुद्दों पर आंदोलन की तैयारी कर रहे थे, लेकिन यूजीसी के माध्यम से एससी-एसटीए ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के विद्यार्थियों के बीच विवाद खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कॉलेजों में रैगिंग जैसी समस्याओं के लिए पहले से कानून मौजूद हैं, ऐसे में यूजीसी से कोई ठोस लाभ नहीं होगा। भाजपा को इससे राजनीतिक फायदा हो सकता है। लेकिन देश को नुकसान होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा न तो रोटी देती है और न रोजगार, बल्कि समाज में टकराव पैदा कर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। ट्रेड डील को लेकर खाचरियावास ने कहा कि यह पूरी तरह विफल रही है। उनका आरोप था कि अमेरिका के सामने झुकने से भारत को कोई लाभ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिकी किसानों को शून्य प्रतिशत टैरिफ पर भारत में फसल भेजने की अनुमति मिलेगी और भारतीय किसानों को टैरिफ देना पड़ेगा तो इससे किसानों को नुकसान होगा।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने की होली की रामा-श्यामा

तारानगर (नवयत्न)।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने होली के दिन कार्यकर्ताओं व लोगों के साथ होली की रामा-श्यामा की। राठौड़ ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद राठौड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार में घूमकर दुकानदारों व लोगों से होली की रामा-श्यामा की। इस मौके पर राठौड़ के साथ भाजपा नेता राकेश जांगिड़, चन्द्राराम गुरी, महावीर पूनिया, जसवंत स्वामी, जमरदिन तेली, अजीत राठौड़, अनूप खंडेलवाल, लीलाधर बागोरिया, भंवरलाल पूनिया, अयूब पटवा, मो. तैयब, अमरसिंह चारण, माणकचन्द सैनी, विशाल शर्मा, हरि इंदौरिया, चुन्नीलाल सैनी, कृष्ण सहारण, मुकेश शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सीबीईओ को सौंपा ज्ञापन

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ (शे.) के तत्वावधान में ब्लॉक अध्यक्ष भंवरलाल पूनिया एवं सचिव भोजराज शर्मा के नेतृत्व में रतनगढ़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास को शिक्षा मंत्री के नाम शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की सुरक्षा संबंधी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हाल ही में बीकानेर एवं बाड़मेर जिलों में शिक्षक पर हमला, स्कूल परिसर से छात्र का अपहरण तथा छात्र पर कुत्तों द्वारा हमले जैसी घटनाएँ अत्यंत चिंताजनक हैं। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि विद्यालय परिसरों में न शिक्षक सुरक्षित हैं और न ही बच्चे। भय के वातावरण में शिक्षक और विद्यार्थी अपने कर्तव्यों का समुचित निर्वहन नहीं कर सकते। नेताओं ने अपने वक्तव्य में कहा कि विभाग को विद्यालयों में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध जैसे सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति, विद्यालय परिसर की चारदीवारी,



सीसीटीवी कैमरे तथा नियमित निगरानी तत्काल सुनिश्चित करनी चाहिए। अन्यथा शिक्षक समुदाय छात्र संगठनों एवं अभिभावकों के साथ मिलकर बड़ा निर्णय लेने को बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस अवसर पर प्रांतीय संयुक्त मंत्री शुभकरण, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य चौथमल चीनिया, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल मुंदलिया,, जिला प्रवक्ता महेंद्र शर्मा, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकरलाल मीणा, महेंद्र हुड्डा, रमेश महला, सतीश पुरोहित, अशोक आलडिया, बलबीर थोरी उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की।

## होली पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** प्रदेशभर में होली का पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। होली के दूसरे दिन पुलिस थानों में पुलिस की होली खेली गई। बुधवार को लाडनूं पुलिस थाने में भी रंगोत्सव की शानदार झलक देखने को मिली। डीडवाना जिला मुख्यालय पर आयोजित होली समारोह में जिला कलेक्टर महेंद्र खडगावत और पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर की मौजूदगी में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूरे परिसर में उमंग और उल्लास का माहौल देखने को मिला। वहीं लाडनूं पुलिस थाने में भी होली का रंगारंग आयोजन हुआ। थाना कप्तान शिंभू दयाल मीणा ने अपनी पुलिस टीम के साथ होली के गानों पर जमकर डांस किया और गुलाल उड़ाकर होली की खुशियां बांटी। ऐसे आयोजन पुलिसकर्मियों के बीच आपसी सौहार्द, टीम भावना को मजबूत करने के साथ ही आमजन को शांति का संदेश देते हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया होली का पर्व



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** होली का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर में मुख्य प्राचीन होली धोरा पर पालिका के अधिशाषी अधिकारी डॉ सहदेव चारण ने पूजा अर्चना के होलिका दहन की रस्म की। होली धोरा सहित कई जगहों पर होलिका दहन मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। मोहल्लेवासियों ने बड़कुल्लो की माला के साथ होलिका दहन किया व भक्त प्रह्लाद को बचाया गया। होलिका दहन पश्चात दूसरे दिन लोगों में उत्साह, उमंग और जुनून देखने को मिला। क्षेत्र में लोगों ने एक-दूसरे के माथे पर रंग गुलाल लगाकर गले मिले व गैर बाद रामा श्यामा के तहत छोटों ने बढ़ों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं युवाओं ने डीजे की धुनों पर धमाल मचाया। कॉलौनियों की महिलाओं ने ग्रुप के साथ घर-घर जाकर महिलाओं को गुलाल का तिलक लगाकर अपने ग्रुप में शामिल किया। स्थानीय ताल वाले मन्दिर पर श्री श्याम बाबा मंदिर में महिलाओं, पुरुष व बच्चों ने बाबा श्याम के फाल्गुनी भजनों पर नृत्य करते हुए गुलाल की होली खेली।

विधायक पुसाराम गोदारा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चंद्र इन्दौरिया ने क्षेत्र वासियों को होली की शुभकामनाएं दी। वही शहर में होली महोत्सव पर शिवाजी सेवा संस्थान बगीची, लाल कुआं गींदड़ चौक व गीगजी गिदड़ चौक सहित कई स्थानों पर चल रहे फाल्गुनी कार्यक्रम क्षेत्र वासियों के लिए यादगार बने। त्योहार पर नगर की गंगा जमुनी संस्कृति की अखंडता के लिए पुलिस की माकूल व चाकचौबंद व्यवस्था रही। इसी क्रम में गीता प्रेस गोरखपुर कल्याण के आदी संपादक भाईजी श्रीहनुमानप्रसाद पोद्दार की हवेली में श्रीराधा माधव व भाईजी के चित्र पर पुष्पमाला और फूल अर्पित करके नगर के धर्म श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली।

## दो कर्मचारियों के सरकारी आवास के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में 400 केवी जीएसएस में कार्यरत दो कर्मचारियों के सरकारी आवास के चोरों ने ताले तोड़कर 11 लाख रुपए के सामान की चोरी कर ली। घटना को लेकर एक कर्मचारी ने पुलिस में लिखित रिपोर्ट भी दी है। चोरी की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीगंगानगर के सादुलशहर निवासी बालूराम प्रजापत के 400 केवी जीएसएस में इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है। वे परिवार में शादी समारोह में शामिल होने के लिए 17 फरवरी को परिवार सहित अपने गांव गए थे। गांव से वापस लौटे तो सरकारी आवास के ताले टूटे हुए थे तथा सामान बिखरा हुआ था। चोर ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण एवं 35 हजार रुपए की चोरी कर ली। रिपोर्ट में बालूराम ने सोने-चांदी के आभूषणों की कीमत 11 लाख रुपए दर्शाई है। वहीं इसी जीएसएस में काम करने वाली एक अन्य महिला कर्मचारी रजनी के भी सरकारी आवास के ताले तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। प्रकरण में चोरी हुए सामान की कीमत का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## विधायक आवास पर कार्यकर्ता पहुंचे रामा श्यामा करने

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** विधायक मनोज मेघवाल से होली की रामा श्यामा करने के लिए दिनभर लोगों का तांता लगा रहा। विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष होने के कारण इस बार विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ साथ जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ता राम राम करने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर धर्मेंद्र किलक, बजरंग सेन, इदरीश गौरी, जैसाराम प्रजापत, आसिफ नसवान, जवाहर सिंह, जेठाराम यादव, राधेश्याम अग्रवाल, मुनीराम सारण, विकास सारण, धनराज रनवा, तिलोकचंद दईया सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग रामा श्यामा करने के लिए पहुंचे। वहीं विधायक ने सभी जिलेवासियों को होली की बधाई दी।

## दस लाख के माल सहित शातिर नकबजन गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** सदर थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात करने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर चोरी गया पूरा माल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 10 लाख रुपए मूल्य के सोन-चांदी के जेवरात, नकदी और दस्तावेज 100 प्रतिशत बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि सदर थाना पुलिस ने नकबजनी की वारदात करने वाले शातिर नकबजन बीस वर्षीय सुरज सिंह उर्फ बित्तू निवासी मजदूर नगर हसनपुरा हाल राकड़ी सोडाला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी सदर, सोडाला और श्याम नगर थानों में चोरी के प्रकरण दर्ज हैं और वह जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए चार भारी चांदी के कड़े, दो हल्के कड़े, एक चांदी की माला व लॉकेट, दो कानों के झुमके, पांच छोटे लॉकेट, 14 जोड़ी पैरों की बिछुड़ी, एक कान का आभूषण, दो बड़े-छोटे लॉकेट सहित अन्य चांदी के आभूषण व दस्तावेज बरामद किए। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस टीम में विशेष भूमिका कांस्टेबल इंद्रजीत की रही। जिनके अथक प्रयासों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे माल की बरामदगी संभव हो सकी। सदर थानाधिकारी बृजमोहन कविया ने बताया कि 1 मार्च 2026 को शांति नगर हसनपुरा निवासी राजू राणा व मित्रपाल सिंह ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि 27 फरवरी को दोनों अपने-अपने गांव गए हुए थे और कमरों पर ताला लगा था। 28 फरवरी की रात लौटने पर मकान के ताले टूटे मिले और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर सोने-चांदी के आभूषण, नकदी व दस्तावेज चोरी होना पाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम राजेश गुप्ता के सुपरविजन और सहायक पुलिस आयुक्त धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपित को पकडा।

## बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्यामनगर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी सात आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत किशोर शर्मा ने बताया कि 1 मार्च 2026 को परिवादी जितेन्द्र कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे जनपथ, श्याम नगर स्थित मकान पर काम के दौरान उनकी मोटरसाइकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। इस पर श्यामनगर थाने में मामला दर्ज किया गया। वहीं वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सोडाला सुनील प्रसाद शर्मा के सुपरविजन तथा थानाधिकारी दलबीर सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गई। टीम ने आसूचना एवं तकनीकी आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी युवराज शर्मा 32 निवासी सैनी कॉलोनी करतारपुरा हाल मालवीय नगर को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में पूर्व में सात प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें चालान भी पेश किए जा चुके हैं। आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है।

# अपना घर आश्रम की नई कार्यकारिणी गठित

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** बीकानेर रोड स्थित अपना घर आश्रम, नोखा की वार्षिक साधारण सभा हाल ही में आश्रम परिसर में आयोजित की गई। इस सभा में सत्र 2026-28 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। निर्मल गोलछा को अध्यक्ष, सतीश झंवर को सचिव और दिलीप बैद को वित्त सचिव चुना गया है। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय मुख्यालय भरतपुर से नियुक्त पर्यवेक्षक छोटेलाल उपस्थित रहे। वरिष्ठ संरक्षकों की परामर्श समिति में पूर्व अध्यक्ष बृजरतन तापड़िया, रामपाल बागड़ी, रामेश्वर लाल झंवर



और ओमप्रकाश मूंधड़ा शामिल थे। इस समिति के मार्गदर्शन और सदन की सहमति से नई टीम की घोषणा की गई। सभा की शुरुआत निवर्तमान अध्यक्ष किरण झंवर ने प्रार्थना के साथ की। सचिव गोपाल पंचारिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आश्रम में रह रहे आश्रितों की सेवाए स्वास्थ्य और पुनर्वास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद कोषाध्यक्ष गजानंद लोहिया ने ऑडिट रिपोर्ट पेश कीए जिसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। कार्यक्रम में हनुमान प्रसाद झंवर, ओमप्रकाश तिवाड़ी, मुरली गोदारा, चेनाराम जाट, बाबूलाल गहलोत, शिखरचंद पिंचा, उर्मिला तापड़िया, जयश्री भूरा, सुरेंद्र कुमार बुच्चा, अमृतलाल चौधरी, उमेश महेश्वरी, बनवारीलाल डेलू, सुरेंद्र हीरावत, अनिल झंवर, गजेंद्र पारख, अशोक बैद, सहित बड़ी संख्या में सदस्य, दानदाता और सेवाभावी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# आर्थिक उथल-पुथल

भले ही, दुनिया में चौधराहट बनाये रखने और साम्राज्यवादी मंसूबों को पूरा करने के लिए अमेरिका ने इस्राइल के साथ मिलकर ईरान पर युद्ध थोपा हो, मगर इस युद्ध के दूरगामी घातक परिणाम पूरी दुनिया को झेलने होंगे। इस संघर्ष ने पूरे पश्चिमी एशिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तबाही के कगार पर खड़े ईरान ने जिस तरह अपने पड़ोसी देशों के व्यापारिक व औद्योगिक संस्थानों पर ताबड़-तोड़ हमले किए हैं, उससे मध्यपूर्व में बड़ा आर्थिक संकट पैदा हो गया है। लाखों लोगों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। खासकर लाखों भारतीय कामगारों के लिये बड़ा संकट पैदा हो गया है। ईरान की जवाबी कार्रवाई से पश्चिमी एशिया में बढ़ते संकट से, इस क्षेत्र में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के प्रमुख वैश्विक जहाजरानी मार्गों पर मंडरा रहे खतरे के बीच ऊर्जा बाजार की स्थिति पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास हुए हमलों के कारण कच्चे तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस यानी एलएनजी की ढुलाई पहले ही बाधित हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग पांचवें हिस्से के लिये एक रणनीतिक मार्ग है। लेकिन मौजूदा युद्ध से उपजे हालात में जहाज बीमा कंपनियों ने युद्ध-जोखिम कवरेज वापस ले लिया है। इसके चलते पेट्रोलियम पदार्थों व अन्य उत्पादों की माल ढुलाई लागत बढ़ रही है। युद्ध की विभीषिका के चलते तमाम जहाजों ने अपने मार्ग बदल लिए हैं। कुछ जहाज चलाने वाली कंपनियों ने अपने जहाजों के परिचालन पर रोक लगा दी है। इसका तात्कालिक परिणाम यह है कि कच्चे तेल की कीमतों में काफी उछाल देखा जा रहा है। जिसके चलते ब्रेंट क्रूड की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आने वाले दिनों में विश्व स्तर पर मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ाएंगी। जाहिरा तौर पर विकासशील व गरीब देशों का आर्थिक संकट और गहरा हो जाएगा।

वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों की सरकारों के सामने विकास कार्यक्रमों के लिये वित्तीय संसाधन जुटाना अब एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन देशों में केंद्रीय बैंकों के लिये भी मुद्रास्फीति और विकास के बीच संतुलन बनाये रखना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल, हाल के दिनों में पेट्रोलियम और उसके उत्पादों पर निर्भर परिवहन, रसायन और प्लास्टिक उद्योग तक को बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। जाहिर है इससे इन उद्योगों के लाभ में कमी आ सकती है। साथ ही इन उद्योगों में निवेश धीमा हो सकता है। वहीं दूसरी ओर आपूर्ति में देरी से वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं की समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं। यह सर्वविदित है कि आज भी भारत अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिये कच्चे तेल का अस्सी से नब्बे प्रतिशत आयात करता है। इस कच्चे तेल का करीब चालीस फीसदी हिस्सा पश्चिमी एशिया से आता है। मौजूदा विषम परिस्थितियों के बीच होर्मुज जलमार्ग में व्यवधान तथा भू-राजनीतिक जोखिमों में वृद्धि से भारत के तेल आयात बिल के बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वहीं इसके साथ ही देश का राजकोषीय घाटा भी बढ़ सकता है। यहां तक कि कच्चे तेल के दाम में दस डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि भी आयात लागत को काफी हद तक बढ़ा सकती है। मौजूद संकट के बीच, विशेष रूप से खाड़ी क्षेत्र को निर्यात के लिये बने व्यापार गलियारे आज जटिल परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर होर्मुज जलमार्ग और आगे के माल ढुलाई नेटवर्क के माध्यम से शिपिंग पर निर्भर इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य वस्तुओं के निर्यात में देरी से लागत के बढ़ने की आशंका है। साथ ही अवसरों के नुकसान होने का खतरा बढ़ रहा है।

## विशेष आलेख

# दशकों तक अमेरिकी सुरक्षा के भरोसे बैठे रहे खाड़ी देश अब अपना माथा पीट रहे...



दशकों तक खाड़ी के समृद्ध अरब देशों ने अपनी सुरक्षा की बागडोर अमेरिका के हाथों में सौंप रखी थी। तेल की दौलत, चमकते महानगर और वैश्विक निवेश के दम पर उन्होंने अपने आपको स्थिरता और सुरक्षित ठिकाने के रूप में प्रस्तुत किया। पर अब हालात तेजी से बदल रहे हैं। ताजा घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि खाड़ी की चमकदार इमारतों के पीछे असुरक्षा की दरारें गहरी हो चुकी हैं। ईरान ने पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगी देशों पर जिस तेजी और तीव्रता के साथ हमले किए उससे अमेरिका के भरोसे बैठा हर देश चौंक गया है।

भले ही अमेरिका और इजरायली हमलों से ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा हो और सैकड़ों लोग मारे गए हों, लेकिन असली सवाल यह है कि इस टकराव में ज्यादा दांव पर किसका लग हुआ है? देख जाए तो संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देश आर्थिक रूप से कहीं अधिक संवेदनशील स्थिति में हैं। पश्चिम एशिया लगभग साढ़े चार लाख करोड़ डॉलर की सकल घरेलू उत्पाद वाली विशाल आर्थिक पट्टी है। दुबई के किसी आलीशान होटल पर मिसाइल गिरने की तस्वीरें ही निवेशकों के भरोसे को चकनाचूर करने के लिए काफी हैं। 1990 के दशक के खाड़ी युद्ध का दौर अलग था। तब पश्चिम एशिया की पहचान मुख्य रूप से तेल और गैस उत्पादक क्षेत्र की थी। दुनिया को ऊर्जा चाहिए थी और युद्ध समाप्त होते ही व्यापार फिर पटरी पर लौट आता था। लेकिन आज की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। संयुक्त अरब अमीरात की अर्थव्यवस्था का लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा गैर तेल क्षेत्रों पर आधारित है। ओमान में यह आंकड़ा 73 प्रतिशत, कतर में 66 प्रतिशत और सऊदी अरब में 57 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। वित्त, अचल संपत्ति, पर्यटन और वैश्विक सेवाओं में इन देशों ने भारी निवेश किया है। दुबई अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों की सूची में दुनिया के अग्रणी शहरों में शामिल हो चुका है। इन देशों ने अपने आपको स्थिर, सुरक्षित और निवेश के लिए अनुकूल केंद्र के रूप में गढ़ा है। पर जब ड्रोन और मिसाइलों की खबरें सुर्खियां बनती हैं, तब यह पूरी छवि दरकने लगती है। भले ही अधिकतर हमले रोके जा रहे हों, लेकिन निवेशक, पर्यटक और प्रवासी श्रमिक भयभीत होते हैं। खाड़ी की समृद्धि का बड़ा आधार यही प्रवासी श्रमिक हैं, जिनमें लाखों भारतीय भी शामिल हैं। उनके जरिए अरबों डॉलर की धनराशि भारत सहित कई देशों में भेजी जाती है। यदि युद्ध की आशंका बढ़ती है तो यह आर्थिक धारा भी प्रभावित होगी। ओमान के सूत्रों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता आगे बढ़ रही थी और कई मांगों पर सहमति भी बन चुकी थी। ऐसे में युद्ध की नौबत टाली जा सकती थी। हालांकि हाल की घटनाओं ने हालात को जटिल बना दिया है, फिर भी संवाद की राह पूरी तरह बंद नहीं हुई है। खाड़ी के शासकों को अब खुलकर संघर्ष विराम के लिए पहल करनी होगी। केवल अमेरिका पर निर्भर रहना अब पर्याप्त नहीं दिख रहा। भारत के लिए भी यह समय निर्णायक है। ऊर्जा सुरक्षा, दस लाख से अधिक भारतीय कामगारों की मौजूदगी और भारी धन प्रेषण के कारण भारत का सीधा हित इस क्षेत्र से जुड़ा है। भारत की संतुलित कूटनीति और दोनों पक्षों के साथ संवाद की क्षमता उसे मध्यस्थ की भूमिका में ला सकती है। अमेरिका ने दावा किया है कि वह अभियान को कुछ ही सप्ताह में समेट सकता है, लेकिन पश्चिम एशिया इतने लंबे इंतजार का जोखिम नहीं उठा सकता। हर बीतता दिन निवेश और स्थिरता पर चोट कर रहा है। खाड़ी देशों को अब निर्णायक, आक्रामक और स्पष्ट पहल करनी होगी। यह केवल सीमाओं की लड़ाई नहीं, बल्कि आर्थिक भविष्य और वैश्विक साख की जंग है। यदि समय रहते शांति की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो चमकते महानगरों की रोशनी पर बारूद का साया और गहरा हो सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष

वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

### वृष

प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें। लाभ होगा।

### मिथुन

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है। भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें।

### कर्क

नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनहानि हो सकती है। सावधानी आवश्यक है। थकान महसूस होगी।

### सिंह

कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### कन्या

फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। जोखिम न लें। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा।

### तुला

एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। काम में मन नहीं लगेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी।

### वृश्चिक

अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें।

### धनु

कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। किसी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें। स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी।

### मकर

विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

### कुंभ

नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा। घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी।

### मीन

घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें।

## स्वास्थ्य समाचार

# करना है वेट लॉस तो जरूर खाएं पाइनएप्पल

अधिकतर लोग मानते हैं कि वजन कम करने के लिए उन्हें उबला हुआ और बेस्वाद खाना ही खाना पड़ेगा। जबकि ऐसा नहीं है। अगर आप समझदारी से अपनी फूड च्वॉइस चुनते हैं तो इससे आप अपने टेस्ट बड का ख्याल रखते हुए भी वेट लॉस कर सकते हैं। पाइनएप्पल भी एक ऐसा ही फल है, जो खाने में बेहद ही टेस्टी होता है। इतना ही नहीं, अगर इसे डाइट में शामिल किया जाता है तो इससे वजन कम करने में भी मदद मिलती है।



### कैलोरी होती है कम

पाइनएप्पल में किसी भी अन्य स्नैक की तुलना में कैलोरी कंटेंट काफी कम होता है और इसलिए इसे मिड-मील्स में खाना काफी अच्छा ऑप्शन हो सकता है। हालांकि, इसका सेवन करते समय आपको पोर्शन का ध्यान अवश्य रखना चाहिए।

### रखे हाइड्रेटेड

अनानास में एंटी-ऑक्सीडेंट, फाइबर और पानी होता है, जिसके कारण यह आपको ना केवल फुलर होने का अहसास करवाता ह, बल्कि हाइड्रेशन लेवल को भी मेंटेन रखता है। जब आपका शरीर ठीक से हाइड्रेटेड होता है, तो यह आपकी भूख को नियंत्रित करता है और आपको अत्यधिक खाने से रोकता है।

### पाचन में मददगार

पाइनएप्पल में ब्रोमेलैन प्रोटीन के अणुओं को तोड़ने के साथ-साथ पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ावा देते हैं। जिससे पाचन बेहतर तरीके से होता है। जब पाचन बेहतर होता है तो इससे मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है और आपको अतिरिक्त किलो वजन कम करने में मदद मिलती है।

### प्रचुर मात्रा में होता है फाइबर

पाइनएप्पल में घुलनशील और अघुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर पाए जाते हैं। जिसके कारण जब इसका सेवन किया जाता है तो यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ रखने और तृप्ति की भावना पैदा करते है। जिससे आप ओवर ईटिंग से बच जाते हैं और इससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

### बैली फैट को कम करने में सहायक

आपको शायद पता ना हो, लेकिन पाइनएप्पल बैली फैट को कम करने में बेहद सहायक है। दरअसल, इसमें प्रोटियोलिटिक एंजाइम होते हैं और यह पेट की चर्बी को टारगेट करता है। इसमें ब्रोमेलैन नामक एक प्रोटीयोलाइटिक एंजाइम होता है जो प्रोटीन के बेहतर पाचन और उपयोग में मदद करता है। इस प्रकार, यह पेट की चर्बी को कम करने में भी मदद करता है।

# रोजमेरी ऑयल में बादाम तेल मिक्स करके लगाने से दूर होंगी बालों की यह समस्याएं

बालों की समस्या से हर कोई दो-चार होता है। सबके लिए इसकी वजहें अलग-अलग हो सकती हैं। किसी का खानपान इसके लिए जिम्मेदार हो सकता है, किसी का स्वास्थ्य, तो किसी की लाइफस्टाइल। लेकिन अगर आप एक-साथ कई तरह की हेयर प्रॉब्लम से जूझ रहे हैं, तो इसके लिए आपको एक ऐसा उपाय अपनाना चाहिए, जो आपके बालों पर कारगर तरीके से काम करे। ऐसे में, आप रोजमेरी और बादाम तेल का मिश्रण अपने बालों में लगा सकते हैं। इससे आपको कई फायदे मिलेंगे।



### बादाम-रोजमेरी तेल से होती हेयर ग्रोथ

रोज़मेरी ऑयल में कार्नोसिक एसिड पाया जाता है। रोजमेरी में इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज होती हैं, जो ब्लडसर्कुलेशन को बेहतर बनाती है, जिससे हेयर ग्रोथ में मदद मिलती है। इसी तरह बादाम तेल में फैटी एसिड, एंटीऑक्सीडेंट और प्रोटीन पाया जाता है। ये तमाम तत्व हेयर ग्रोथ में मदद करते है। इसके अलावा, ये दोनों ही तेल बालों को सीजनल समस्याओं, जैसे ड्राईनेस और खुजली से बचाने में भी मदद करते हैं।

### बादाम-रोजमेरी तेल से बाल होते हैं मजबूत

जब आप बादाम और रोजमेरी तेल को आपस में मिक्स करके अपने सिर में अप्लाई करते हैं और इससे अच्छी तरह अपने स्कैल्प की मसाज करते हैं, तो इससे सिर का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने से बालों को मजबूती मिलती है। अच्छे रिजल्ट के लिए आप बादाम और रोजमेरी ऑयल को करीब दो घंटे तक बालों में लगाए रखें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें। ऐसा सप्ताह में दो बार करें।

### बादाम-रोजमेरी तेल से बालों का झड़ना कम होता है

मौसम बदलते ही बालों के झड़ने की समस्या बहुत आम हो जाती है। ऐसे में अगर आप हेयर फॉल को रोकने के लिए सूटेबल शैंपू और ऑयल का इस्तेमाल न करें, तो इससे बालों के झड़ना बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि रोजमेरी ऑयल को शैंपू में मिलाकर सिर में अप्लाई करने से हेयर फॉल रुकता है और गंजेपन की शुरुआत होने के दौरान रोजमेरी का इस्तेमाल किया जाए, तो आपको इसका फायदा मिल सकता है।

### बादाम-रोजमेरी तेल से बालों शाइनी होते हैं

अगर आपके बाल रूखे और बेजान नजर आते हैं, तो ऐसे में आप बादाम तेल में रोजमेरी ऑयल मिक्स करके लगा सकते हैं। इन दोनों तेलों को मिक्स करके अपने बालों में लगाना बहुत आसान यही। आपको सिर्फ इतना करना है कि दोनों तेलों को पहले सामान मात्रा में मिक्स कर लें। अब अपनी हथेली में तेल लें, हाथो को आपस में रब करें और अब दोनों हाथों से सिर की मसाज करें। इससे स्कल्प की मसाज होगी, जिससे बालों पर भी असर पड़ेगा। नियमित रूप से इस तरह दोनों तेलों का इस्तेमाल किया जाए, तो बालों की चमक बढ़ेगी।



# जायफल तेल के इस्तेमाल से शरीर को मिलते हैं यह जबरदस्त फायदे

जायफल हर किचन में पाए जाने वाला मसाला है। इसकी खूशबू काफी शानदार होती है। यह खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ इसका इस्तेमाल स्वाद को मीठा करने के लिए भी किया जाता हैं। इसका प्रयोग आमतौर पर दाल, पुलाव, हलवा, बर्फी, लड्डू, बिरयानी और सूप बनाने में किया जाता है। जायफल के साथ इसका तेल भी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह तेल पतला और हल्के पीले रंग का होता है, जो शरीर की कई समस्याओं को दूर करता हैं। इसके तेल के इस्तेमाल से शरीर का दर्द दूर होने के साथ यौन शक्ति भी बढ़ती है। इस तेल में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे फाइबर, फोलेट, प्रोटीन, विटामिन ए और विटामिन सी। यह स्वाद में तीखा होने के साथ शरीर को हेल्दी रखता है। यह तेल शरीर को डिटॉक्स करके विषाक्त पदार्थों को भी बाहर निकालता हैं। इस तेल को कई चीजों में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है।

**भूख बढ़ाएं :** जायफल का तेल भूख को बढ़ाता है। कई लोगों को भूख न लगने की समस्या होती है। इस समस्या के कारण कई बार वह ठीक से खाना नहीं खा पाते। ऐसे में जायफल का तेल भूख को बढ़ाता है।

**सांसों की दुर्गंध दूर करें :** जायफल तेल में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण पाए जाते हैं, जो सांसों की बदबू को दूर करने के साथ बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं। यह तेल मसूड़ों की सूजन से राहत देता है और दांतों को हेल्दी रखता हैं। जायफल का तेल दांत में होने वाले दर्द को भी आसानी से दूर करता है।

**स्किन के लिए फायदेमंद :** जायफल का तेल स्किन में होने वाली समस्याओं को भी दूर करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मुँहासे, दाग- धब्बे, असमान त्वचा टोन, ड्राई स्किन और त्वचा को चमकदार बनाता हैं। यह स्किन को पोषण देकर नेचुरल तौर पर स्किन की समस्याओं को ठीक करता हैं।

**यौन शक्ति बढ़ाएं :** जायफल की खुशबू बहुत तेज होने के साथ यह महिला और पुरुष दोनों में यौन शक्ति को बढ़ाता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए इस तेल की 3 से 4 बूंद को पानी में मिलाकर नहाएं।

# गौ सेवार्थ फाग उत्सव कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 मार्च शाम को श्री राजलदेसर गौशाला में ऐतिहासिक गो सेवार्थ फाग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन रखा गया । कार्यक्रम में हजारों की तादाद में दर्शकों ने होली का एवं नृत्य कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति का आनंद लिया । नृत्य कलाकार में अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र की कलाकार शहनाज फोगा, डेरु नृत्य, चंग नृत्य, गीदड़ नृत्य, सोनिया अरोड़ा एंड पार्टी द्वारा कृष्ण राधा नृत्य, लाडो बिटिया का नृत्य, एवं राजलदेसर कस्बे की आदर्श विद्या मंदिर, मोनिका फर्स्ट, मोनिका सेकंड, कोमल प्रजापत, हेमलता मारू, शारदा मारू, खुशी झेडू, प्रतिभा झेडू आदि के द्वारा शानदार राजस्थानी गीतों पर प्रस्तुति दी इसके अलावा कस्बे की नन्ही बालिका द्वारा शानदार योग का प्रदर्शन किया गया साथ ही कस्बे की नाथनगर पार्टी, आजाद पार्टी पूनम चंद एंड पार्टी, श्री श्याम चंग पार्टी, दास बालाजी पार्टी, आदि के द्वारा शानदार चंग की थाप पर शानदार प्रस्तुति दी इसी प्रकार कस्बे की प्रसिद्ध गीदड़ पार्टी केसरी टीम द्वारा शानदार गीदड़ का प्रदर्शन किया गया। ऐतिहासिक कार्यक्रम में इतनी ज्यादा भीड़ दिखाई दी आम आदमी अपने आप व्यवस्था बनाने में जुटे हुए रहे । कार्यक्रम से पूर्व कस्बे के प्रसिद्ध कलाकार मनोज मारू द्वारा गणेश वंदना गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता गौशाला के संरक्षक ईश्वर चंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष महेंद्र दूगड़, गौ भक्त करण सिंह श्रीमाल, जगदीश जैसनसरिया, सैनी टेंट हाउस के निर्मल सैनी, गौशाला के मंत्री ललित दाधीच उपाध्यक्ष, मंगतमल पांड्या, कार्यक्रम संयोजक कैलाश सोनी, वीरेंद्र लाटा, रतनगढ़ पुलिस उपाधीक्षक इनसार अली, थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल, रतनगढ़ थाना प्रभारी रतनलाल, रतनगढ़ पूर्व पालिका अध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया, राजलदेसर नगर पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश घिंटाला सहित सैकड़ो अतिथि उपस्थित थे कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कलाकारों का श्री राजलदेसर गौशाला परिवार की ओर से सम्मान किया गया इस अवसर पर गो भक्तों ने गौ सेवार्थ राशि तन मन धन से भेंट की ।

इसी प्रकार श्रीनाथ नगर गौशाला में गौ सेवार्थ भाग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसमें राजलदेसर के अलावा बाहर के कलाकारों ने भी एक से एक बढ़कर प्रस्तुति कार्यक्रम में गौशाला के पूर्व अध्यक्ष अशोक बैंद प्रदीप कुंडलिया, कार्यकारी अध्यक्ष पवन झेंडू, मंत्री गोरखाराम पांडे पूर्व मंत्री पवन बोथरा, भवानी पांडे, टोनू पांडेए आदि अतिथि उपस्थित रहे ।

### जल जीवन मिशन घोटाला मामला

# सुबोध अग्रवाल सहित आरोपियों की तलाश में 16 दिन से सर्च ऑपरेशन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जल जीवन मिशन में हजारों करोड़ रुपये के कथित भ्रष्टाचार मामले में फरार चल रहे आरोपित सुबोध अग्रवाल व अन्य की गिरफ्तारी के लिए एसीबी का सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। 17 फरवरी 2026 से शुरू हुई कार्रवाई को बुधवार तक 16 दिन पूरे हो चुके हैं। इस दौरान पुलिस की 40 विशेष टीमें विभिन्न राज्यों में लगातार दबिश दे रही हैं। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता के अनुसार उप महानिरीक्षक पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप अधीक्षक पुलिस,, पुलिस निरीक्षक व अन्य अधिकारियों की टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। अब तक जयपुर, उदयपुर, बाड़मेर, जोधपुर, झालावाड़, कोटा, नागौर, विराटनगर, निवाई, चंदवाजी-आमेर, गंगापुर सिटी सहित नई दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा के फरीदाबाद व सोहना, उत्तर प्रदेश के नोएडा, मेरठ, प्रयागराज, बुलंदशहर, खुर्जा तथा मुंबई समेत करीब 21 शहरों में 100 से अधिक संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा चुकी है। इनमें आरोपियों के जयपुर स्थित सी-स्कीम, निर्माण नगर, मान्यावास, बजाज नगर विस्तार और सुंदर नगर स्थित आवास, आसपास के सिवाड़, बगरू व बिंदायका के फार्म हाउस, नई दिल्ली की न्यू मोती बाग व डिफेंस कॉलोनी, फरीदाबाद सेक्टर-39, नोएडा, सोहना के फार्म हाउस तथा मुंबई के मालाबार हिल और जुहू क्षेत्र में रिश्तेदारों के घर शामिल हैं। पुलिस अब तक करीब 50 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इनमें आरोपियों के करीबी रिश्तेदार, मित्र, ड्राइवर, नौकर व संभावित रूप से आश्रय देने वाले व्यक्ति शामिल हैं। तकनीकी स्तर पर भी जांच तेज की गई है।

पांच शहरों में आरोपियों व उनके परिचितों के ठिकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण कर सूचनाएं जुटाई जा रही हैं। इसी क्रम में दिल्ली, मुंबई, नोएडा, फरीदाबाद और मेरठ से चार व्यक्तियों गौरव अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, समीर अग्रवाल तथा प्रणव चंद्रा को पूछताछ के लिए लाया गया। पुलिस इनसे आरोपियों के संभावित ठिकानों व संपर्कों के बारे में जानकारी जुटा रही है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी तक सघन सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा और सहयोग देने वालों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## होली पार्टी में हादसा : मणिपाल यूनिवर्सिटी में क्रेन नुमा ढांचा गिरा, 20 छात्र घायल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बगरू थाना इलाके में स्थित मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर में आयोजित होली उत्सव के दौरान बड़ा हादसा हो गया। कैंपस में डीजे और रेन डांस के बीच लगाया गया लोहे का स्क्वायर और क्रेन नुमा ढांचा अचानक गिर पड़ा। जिससे करीब 20 छात्र-छात्राएं घायल हो गए। घटना से परिसर में अफरा-तफरी मच गई। बगरु थाना प्रभारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि कैंपस में होली पार्टी चल रही थी। छात्र-छात्राएं डीजे की धुन पर रेन डांस कर रहे थे। इसी दौरान कार्यक्रम स्थल पर लगाया गया लोहे का स्क्वायर और क्रेन नुमा स्ट्रक्चर अचानक असंतुलित होकर गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ढांचा गिरते ही मौके पर भगदड़ जैसे हालात बन गए और कई छात्र उसकी चपेट में आ गए। हादसे में घायल 20 छात्रों में से 17 को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि तीन छात्रों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। चिकित्सकों के अनुसार घायलों को हल्की एवं मध्यम चोटें आई हैं और सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुछ छात्र क्रेन नुमा ढांचे पर लटक गए थे, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और पूरा स्ट्रक्चर गिर पड़ा। इसी कारण यह हादसा हुआ। घटना के बाद एंबुलेंस की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने कार्यक्रम में लगाए गए अस्थायी ढांचे की सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

आयोजन में सुरक्षा मानकों का पालन हुआ या नहीं, इसकी पड़ताल की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद कैंपस में आयोजित कार्यक्रमों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से फिलहाल घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने की बात कही गई है।

## जेल में बंद रिटायर्ड चीफ इंजीनियर की पत्नी की 8वीं मंजिल से गिरने से मौत

**जयपुर ( नवयत्न )।** खोह नागोरियान थाना इलाके में जल जीवन मिशन घोटाले में जेल में बंद रिटायर्ड तकनीकी चीफ इंजीनियर दिलीप कुमार गौड़ उर्फ डी के गौड़ की पत्नी की सोमवार सुबह 8वीं मंजिल से गिरने से मौत हो गई।

घटना जगतपुरा स्थित वृंदा गार्डन अपार्टमेंट की है। थानाधिकारी ओमप्रकाश मातवा ने बताया कि अपार्टमेंट में रहने वाली उर्मिला गौड़ 55 सोमवार सुबह करीब 7:15 बजे अपने फ्लैट की बालकनी में किसी काम से गई थीं। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने पर वह 8वीं मंजिल से नीचे ग्राउंड फ्लोर पर गिर गईं। जोरदार आवाज सुनकर अपार्टमेंट के लोग मौके पर पहुंचे तो वह लहूलुहान हालत में पड़ी तड़प रही थीं।

## भाई दूज आज : बहने करेगी भाइयों के तिलक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पंचांग के अनुसार चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि 5 मार्च गुरुवार की शाम 05 बजकर 06 मिनिट तक रहेगी। 5 मार्च को उदयात में द्वितीया तिथि होने से इसी दिन चित्रगुप्त पूजा की जाएगी। हर साल चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान चित्रगुप्त की पूजा की जाती हैं। भगवान चित्रगुप्त हर प्राणी के अच्छे-बुरे कर्मों का हिसाब रखते हैं और यमराज को बताते हैं। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा के अनुसार चैत्र कृष्ण द्वितीया तिथि के दिन चित्र गुप्त की पूजा की जाती हैं जिसको भाई दूज कहा जाता हैं। इस दिन बहनें सबसे पहले चित्र गुप्त की पूजा करती हैं और बाद में अपने भाई के तिलक करती हैं। चित्र गुप्त की पूजा करने और भाइयों के तिलक करने का शुभ मुहूर्त 5 मार्च को सुबह 11:11 से दोपहर 12:38 तक, दोपहर 12:38 से 02:05 तक दोपहर, 02:05 से 03:32 तक हैं।

## सर्व समाज ने होली स्नेह मिलन समारोह मनाया



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा के वार्ड नंबर 3 में ईश्वर सिंह मेघवाल की अध्यक्षता में होली स्नेह मिलन समारोह मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि वीके इंद्रा महाप्रबंधक केसीसी थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में सीमा सुरक्षा बल जोधपुर के उपमहानिरीक्षक राजपाल सिंह थे। दोनों का प्रमोशन होने पर सर्व समाज की ओर से साफा माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। होली स्नेह मिलन के दौरान सामाजिक दशा दशा प्रचिंतन मंथन किया गया तथा सामाजिक विसंगतियों को आपसी भाईचारे प्रेम समय से दूर कर समाज को सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने की बात कही किसी भी राष्ट्र का उन्नति समाज के उत्थान की गति पर निर्भर करती है। इस मौके पर सिंघाना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बाबूलाल कालोरिया, सुरेश चितौसा, ढ़ाणा सरपंच विकास सैनी, नासिर हुसैन, अनिल बोहरा, दलीप सिंगवैहिया, रमेश मेघवाल मांदरी, सीताराम त्यागी, हरलाल सैनी लीलाधर मेघवाल, गोपाल राम चनानियां, रामावतार मरोडिया, मिंटू बहादुर सिंह मेहरड़ा, महेंद्र सिंह सुमित कुमार, विवान, पवन सैनी आदि मौजूद थे। संचालन एडवोकेट हरेश पंवार ने किया।

## हरियाणा बीजेपी नेता कुलदीप बिश्नोई नोखा पहुंचे



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** हरियाणा बीजेपी के नेता व पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई सोमवार को नोखा पहुंचे, जहां संतोषी चौक में पार्षद जगदीश मांझू के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परी बिश्नोई, पूर्व विधायक रेणुका बिश्नोई, भव्य बिश्नोई व चेतन्य बिश्नोई व अन्य परिजनों का साफा, शॉल और मालाएं पहनाकर नागरिकों ने जोरदार अभिनंदन किया। कुलदीप बिश्नोई ने राजस्थान की धरती और यहां के लोगों के स्नेह व सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नोखा क्षेत्र के लोगों से उनका भावनात्मक जुड़ाव हमेशा रहा है और लंबे समय बाद यहां आकर उन्हें विशेष खुशी हो रही है। उन्होंने बताया कि वे अपने पुत्र के ससुराल काकड़ा गांव में आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं। इस दौरान वे परिवार, पोते-पोतियों के साथ गुरु जम्भेश्वर भगवान की समाधि पर धोक भी लगाएंगे। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिवराज बिश्नोई, अशोक धारणिया, सुनील पूनिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा ऑसकरण सोनी, गौरीशंकर जीकरनानी, हुक्मीचंद बजाज, मानक सोनी, रामेश्वर लाल राठी, अंकित तोषनीवाल, जयकिशन राठी, मंगल पटवारी, सुरजाराम डेलू, तुलसीराम सोनी, शिवसिंह राजपुरोहित, संजय छींपा, नारायण बाहेती, सुनील पारीक, बजरंग गोदारा, सुभाष माजू, सुरेंद्र पवार, श्रीनिवास पवार, गंगाबिशन, बृजरतन बाहेती, मोहित सोनी, सचिन सोनी, गिरिराज भट्टड़, पीयूष राठी, धीरज राठी, पीयूष लाहोटी, खुशाल चांडक, मोहनलाल छीपा, नंदकिशोर लाहोटी, महावीर लाहोटी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके अलावा बिश्नोई का बीकानेर नाल एयरपोर्ट, रासीसर, रीको, बीकासर, नोखा में सीओ ऑफिस के पास, सुजानगढ़ रोड़ पर भी स्वागत किया गया। कुलदीप बिश्नोई नोखा रैली के रूप में पहुंचे।

## मेगा हाईवे पर ट्रक की टक्कर से कार पलटी, मोबाइल शोरूम संचालक की मौत

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेगा हाईवे पर मंगलवार रात्रि को एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुजानगढ़ तहसील के गांव रणधीसर निवासी दिनेश सिंह राजपुरोहित पुत्र पने सिंह, मंगलवार अपनी कार से रतनगढ़ से गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मेगा हाईवे पर पड़िहारा से आगे और रणधीसर रेलवे फाटक से पहले एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार सड़क पर कई बार पलट गई। मृतक दिनेश सिंह शहर के मुख्य बाजार में मोबाइल शोरूम का संचालन करते थे। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही व्यापारिक जगत और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मृतक के भाई दिलीप सिंह पुत्र भागीरथ सिंह ने पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और यातायात सुचारू किया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है व शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया.

## बादेड़ के ग्रामीणों का रंगोत्सव रहा फीका, धरना स्थल पर ही मनाई होली



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** तहसील के किसान पिछले तीन महीनों से अपने हक की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। प्रशासन की लगातार अनसुनी के चलते इस बार रंगों का त्योहार भी उनके लिए फीका रहा। ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे बादेड़ गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को अपने घरों की बजाय धरना स्थल पर ही होली मनाई। इस दौरान एक.दूसरे से रामा-श्यामा कर आपसी एकता का संदेश दिया। जाट महासभा अध्यक्ष नाथूराम ठोलिया, बजरंग लाल ठोलिया एवं एडवोकेट भगवती प्रसाद शर्मा ने बताया कि बादेड़ गांव ग्राम पंचायत मुख्यालय बनने का कानूनी रूप से हकदार है, इसके बावजूद सरकार ने कोयल को मुख्यालय घोषित कर ग्रामीणों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि आंदोलन को तीन महीने पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब तक न तो प्रशासन और न ही सरकार की ओर से कोई ठोस सुनवाई हुई है। मजबूरन ग्रामीणों को त्योहार जैसे पावन पर्वों पर भी धरना स्थल पर समय बिताना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## धुलंडी पर निकाला जुलुश



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में धुलंडी के अवसर पर गैर का जुलुश निकाला गया। जुलुश के दौरान लोग एक दूसरे को गुलाल लगा रहे थे। ठड्डे वाले बालाजी मंदिर से शुरू हुए जुलुश मुख्य बाजार होते हुए गोपीनाथ मंदिर होते हुए निकला। गैर के जुलुश के दौरान फाल्गुनी धमालों के साथ नाचते गाते गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे।

## होली पर निकाली सद्भावना बनोरी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नया बास नवयुवक मंडल द्वारा होली धमाल की बनोरी सोमवार को निकाली गई। जो कैलाशपुरी मंदिर के पास से रवाना हुई और लाडनूं बस स्टैंड, गांधी चौक, घंटाघर, झंवर रोड होते हुए सोनी धर्मशाला के सामने विसर्जन हुई। इस रैली में सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। रैली को सफल बनाने में निवर्तमान पार्षद दीनदयाल पारीक, भाजपा जिला प्रवक्ता मनीष दाधीच, कमल शर्मा, हरि शर्मा, हेमंत फूलभाटी, मूलचंद शर्मा, लालचंद प्रजापत, हीरालाल जाखड़, परमानंद टेलर, अभिषेक दाधीच, सुनील दायमा, सुशील दाधीच, भगवानराम खाती, महावीर फूलभाटी, रवि स्वामी, मयंक दाधीच, शिवकुमार दायमा आदि ने योगदान दिया।

## चंद्र ग्रहण : हवन में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण की कामना

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** चंद्रग्रहण पर जयपुर में विभिन्न मंदिरों में विशेष अनुष्ठान एवं यज्ञ आयोजित किए गए। ग्रहणकाल के दौरान श्रद्धालु जप-तप और हवन में लीन रहे तथा विश्व कल्याण की कामना की गई। गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा की ओर से ग्रहण काल में हवन और गायत्री महामंत्र का जप किया गया। विश्व कल्याण की कामना के साथ हवन में आहुतियां प्रदान की गई। उधरए दिल्ली बाईपास स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में महंत रामरज दास त्यागी के सान्निध्य में विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। ग्रहणकाल आरंभ होते ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन प्रारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि और संकट निवारण की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में भक्तों ने हनुमान चालीसा एवं मंत्र जाप किया। इसी प्रकार गलता गेट स्थित श्री गीता गायत्री द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में चंद्रग्रहण के दौरान महामृत्युंजय यज्ञ किया गया। यज्ञ में भगवान शिव के महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते हुए ग्रहणकाल की विशेष साधना संपन्न की गई। श्रद्धालुओं ने ग्रहण मोक्ष के बाद पूर्णाहुति देकर शांति और आरोग्य की कामना की। मंदिरों में ग्रस्तोदय चंद्रग्रहण के सूतक लगने से पूर्व ही ठाकुर श्रीजी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। पचरंगी पोशाक एवं विशेष अलंकारों से आकर्षक श्रृंगार धारण कराया गया। इसके बाद झांकी के दर्शन हुए। ग्रहण मोक्ष के बाद मंदिर परिसर में शास्त्रोक्त प्रक्षालन धुलाई एवं शुद्धिकरण किया गया। इसके बाद ठाकुरजी का पुन: पंचामृत अभिषेक किया गया।

## गौर पूर्णिमा महोत्सव में किया हाइड्रोलिक कमल मंच पर महा अभिषेक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम में बुधवार को गौर पूर्णिमा महोत्सव भव्य और आकर्षक रूप में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्री श्री गौर निताई का महा अभिषेक, संकीर्तन और फूलों की होली जैसे दिव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। महोत्सव के तहत हाइड्रोलिक कमल मंच पर भगवान का विशेष श्रृंगार और अभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और हरिनाम संकीर्तन के बीच वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए और फूलों की होली के साथ उत्सव में भागीदारी निभाई।

मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्प सज्जा और आध्यात्मिक वातावरण ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। बड़ी संख्या में भक्तगण परिवार सहित पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। गौर पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर गुप्त वृंदावन धाम एक बार फिर आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह का केंद्र बना हुआ है।

## विधायक आवास पर खेली होली



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अग्रसेन सर्किल पर विधायक आवास पर खेली गई सूखी होली। विधायक और कार्यकर्ताओं ने होली के अवसर पर स्नेह मिलन समारोह बड़े उमंग और उल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं और विधायक ने सुखे रंग से एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली खेलने की रस्म अदा की । होली खेलने के समारोह के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भांबू थे। सुखी होली कार्यकर्ता के साथ खेलकर लोगों को पानी बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर पीए कुलदीप, मुकेश कड़वासरा, क्षेत्र के गांव से आए हुए कार्यकर्ता भी शामिल हुए । विधायक ने सभी का मिठाई खिलाकर स्वागत किया ।

## अजाड़ीकला की हर्षिता बनी सीए, क्षेत्र में खुशी की लहर

रामावतार सोनी



**बुगाला ( नवयत्न )।** क्षेत्र के अजाड़ीकला गांव लिए गौरव का क्षण है कि गांव की होनहार बेटी हर्षिता ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इस उपलब्धि से गांव व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। कमोद पोद्दार ने बताया कि उनकी पुत्री हर्षिता ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही प्राप्त की और इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए शहर में रहकर तैयारी की। निरंतर मेहनत, अनुशासन और परिवार के सहयोग से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। सीए जैसी कठिन परीक्षा को पास करना आसान नहीं होताए लेकिन हर्षिता ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सफलता अर्जित की। उनकी सफलता पर परिजनों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर खुशी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि हर्षिता की उपलब्धि से गांव की अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होंगी। परिवारजनों ने कहा कि हर्षिता ने पूरे गांव का नाम रोशन किया है। क्षेत्रवासियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नवजात बच्चों को जरूर कराएं ये एक्सरसाइज शरीर के साथ बच्चे का दिमाग भी रहेगा स्वस्थ



शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए एक्सरसाइज बहुत जरूरी होती है। इसीलिए हर उम्र के लोगों को किसी ना किसी तरह से फिजिकली एक्टिविटी करते रहने की सलाह दी जाती है। वहीं कुछ एक एक्सरसाइज नवजात शिशु को भी करवाई जाती हैं। बच्चे के विकास में कुछ प्रभावी तकनीकें सहायता और फ्लेक्सिबिलिटी में सुधार लाने का काम कर सकती हैं। नवजात बच्चे को एक्सरसाइज करवाने से बच्चे की हड्डियां, जोड़ और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसके साथ ही बच्चे के मोटर स्किल्स को भी मदद मिलती है।

### एक साल से कम उम्र के बच्चे के लिए एक्सरसाइज

बच्चे को पूरा दिन एक्टिव रखने का प्रयास करना चाहिए। आप बच्चे को हर रोज कई तरीकों से एक्टिव रख सकते हैं। उदाहरण के तौर पर घुटनों के बल चलना। यदि बच्चे ने अपने उम्र के हिसाब से अभी तक चलना शुरू नहीं किया है तो आप अपने बच्चे को पुशिंग, उसके सिर का हिलाने, पुलिंग, बॉडी और हाथ-पैरों को स्ट्रेच आदि कुछ एक्टिविटीज करवानी चाहिए।

### बच्चे के लिए टमी टाइम दें

जब बच्चा जागा हुआ हो तो उसे दिनभर में करीब आधे घंटे के लिए टमी टाइम जरूर करवाएं। जब बेबी खुद से मूव करने लगे तो जितना हो सके उतना ज्यादा से ज्यादा खेलने दें और एक्टिव रहने दें।

### बच्चे को ना रखें इनएक्टिव

नवजात बच्चे से लेकर 1 साल तक के बच्चे को सुपरवाईज्ड फ्लोर प्ले जरूर करवाना चाहिए। बच्चे को एक घंटे से अधिक देर तक इनएक्टिव नहीं रखना चाहिए। बता दें कि 1 से 5 साल तक के बच्चों को पूरे दिन में कम से कम 3 घंटे के लिए फिजिकल रूप से एक्टिव रहना चाहिए। वहीं 5 से 17 साल के बच्चों कि पूरे दिन में कम से कम 1 घंटे मॉडरेट से कठिन फिजिकल एक्टिविटीज करनी चाहिए। वहीं सप्ताह में कम से कम 3 दिन ऐसी एक्टिविटीज में हिस्सा जरूर लेना चाहिए, जिससे कि उनकी मांसपेशियां और हड्डियां मजबूत हों।

### बच्चे को कराएं बाईसाईक्लिंग

कई पैरेंट्स अपने बच्चों को कोलिक पेन, कब्ज या गैस आदि से राहत दिलाने के लिए बच्चे के पैरों को साइकिल की तरह चलाते हैं। ये एक्सरसाइज घुटनों, कूल्हों, बच्चे के जोड़ों और पेट की मांसपेशियों के लिए काफी अच्छी रहती है। इससे बच्चों की टांगों में लचीलापन आता है। इसके लिए सबसे पहले आप बच्चे को पीठ के लिए लिटा दें। फिर बच्चे की टांगों को एक-एक कर के अपने हाथों से ऊपर-नीचे करें। यह एक्सरसाइज बच्चों को भी बहुत पसंद होती है।

### क्लाइंब माउंटेन

यदि आपके बेबी ने घुटने के बल चलना शुरू कर दिया है तो क्लाइंब माउंटेन एक्सरसाइज उसके लिए बेहतरीन रहेगी। बेबी को यह एक्सरसाइज कराने के लिए बेड पर कुछ तकिए रख दें। फिर बेबी को उन तकिए के ऊपर से चढ़ कर आने के लिए कहें। यह एक्सरसाइज बच्चों के हाथों-पैरों के जोड़ों को मजबूत बनाने में मदद करती है।

# अब गर्मियों में घमौरियों से छुटकारा पाने के लिए इन तरीकों से करें शहद का इस्तेमाल

**गर्मियों का सीजन आते ही स्किन संबंधी कई समस्याएं हो जाती है। गर्मियों में पसीना निकलने की वजह से कई बार घमौरियों के साथ त्वचा में जलन, खुजली और रेशैज की समस्या भी हो जाती है। ये समस्याएं होने पर कई लोग पाउडर और क्रीम आदि का इस्तेमाल करते हैं। इन चीजों का ज्यादा इस्तेमाल स्किन के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में गर्मियों में घमौरियों को दूर करने के लिए शहद का प्रयोग किया जा सकता है। शहद में एंटीबैक्टीरियल गुण होने के साथ ये इंफेक्शन को आसानी से खत्म करता है।**





### शहद और नींबू

घमौरियों की समस्या से बचने के लिए आप शहद और नींबू का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच शहद में 1 चम्मच नींबू का रस को मिलाएं। अब इस मिश्रण को प्रभावित जगह पर 10 मिनट के लिए लगाएं। उसके बाद इसे पानी से वॉश करें। ऐसा करने से घमौरियों में आराम मिलेगा।

### शहद और ऑलिव ऑयल

शहद और ऑलिव मिलाकर लगाने से आपको घमौरियों से राहत मिलेगी। शहद एंटी बैक्टीरियल गुण से भरपूर होता है तो ऑलिव ऑयल में एंटीऑक्सीडेंट के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल को लेकर मिश्रण बनाएं और प्रभावित जगह पर लगाएं। उसके बाद नॉर्मल पानी से वॉश करें।

### शहद, बेसन और हल्दी

शहद, बेसन और हल्दी की मदद से भी घमौरियों से छुटकारा पाया जा सकता है। शहद में मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण बैक्टीरिया को दूर करते हैं और त्वचा को मुलायम बनाते हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच शहद में 1/2 बेसन मिलाना है और 1/4 चम्मच हल्दी मिलाकर इसे प्रभावित जगह पर लगाना है। इस उपाय को करने से इरिटेशन, जलन से निजात मिलेगी।

### शहद और चीनी

शहद और चीनी की मदद से भी घमौरियों, जलन और खुजली आदि को दूर किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच शहद में 1/4 चौथाई चम्मच चीनी को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को घमौरियों वाली जगह पर लगा लें। उसके बाद इस जगह को पानी से वॉश करें। ऐसा करने से घमौरियां से आराम मिलेगा।

### शहद और दही

दही त्वचा को ठंडक देकर घमौरियों को दूर करता हैं। शहद और दही का इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच शहद और 2 चम्मच दही को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को प्रभावित जगह पर लगाएं। इस पेस्ट को लगाने से त्वचा को ठंडक मिलेगी और घमौरियां दूर होगी।

# उड़द की दाल से लाएं चेहरे पर निखार...





हर कोई चाहता है कि उसकी स्किन चमकदार और दमकती हुई हो। लेकिन, इन दिनों जैसा मौसम है, इसका सबसे बुरा असर आपकी त्वचा पर ही पड़ रहा है। दरअसल, बढ़ती गर्मी और खराब जीवनशैली की वजह से स्किन की चमक खो जाती है। स्किन की चमक बरकरार रखनी है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन की प्रॉपर केयर करें, सही स्किन केयर रूटीन बनाएं और अच्छे प्रोडक्ट यूज करें। कई बार यह सब करने के बावजूद स्किन पर अच्छा असर नजर नहीं आता है। ऐसी सिचुएशन में, आप अपनी स्किन पर उड़द की दाल से बना फेस मास्क लगा सकते हैं।

**कैसे बनाएं फैस पैक :** उड़द की दाल का फेस पैक बनाने के लिए आप आधा कप उड़द की दाल को रात में ही भिगोकर रख दें। सुबह भीगी हुई दाल को अच्छी तरह ग्राइंड कर लें। ध्यान रहे कि दाल इतनी अच्छी तरह पिस जाए, ताकि उसमें जरा भी साबुत दाल का टुकड़ा न बचे। साबुत दाल को चेहरे पर फेस पैक की तरह लगाना मुश्किल रहता है। आप दाल को तब तक ग्राइंड करें, जब तक आपको एक कंसीस्टेंट मिश्रण मिल जाए। इसके बाद, पिसी दाल में दो से तीन चम्मच कच्चा दूध, दो से तीन चम्मच घी या मक्खन डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें।

**लगाने का तरीका :** अब उड़द की दाल से बने फेस पैक को अपने चेहरे पर अच्छी तरह लगा लें। आप चेहरे के आसपास के हिस्से में भी इस फेस पैक को अप्लाई कर सकते हैं। करीब आधे घंटे के लिए मिश्रण को लगा रहने दें। जब लगे कि मिश्रण अच्छी तरह से सूख गया है, तो गुनगुने पानी से चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। अच्छे रिजल्ट के लिए आप इस मिश्रण को सप्ताह में कम से तीन बार अप्लाई करें। इससे चेहरे पर अलग ही चमक दिखेगी और निखार भी आएगा।

**कील-मुंहासे खत्म होते हैं :** उड़द की दाल से बने इस फेस पैक को अगर आप नियमित रूप से यानी प्रत्येक सप्ताह में तीन बार लगाते हैं, तो इससे कील-मुंहासों की समस्या मे कमी आती है। वास्तव में, उड़द की दाल में नेचुरल एंटीसेप्टिक प्रोपर्टीज होती है, जो कि उन बैक्टीरिया को मारते हैं, जिसकी वजह से चेहरे पर कील-मुंहासे होते हैं। इसके अलावा, कील-मुंहासों की एक वजह ऑयली स्किन भी है। जिन लोगों की स्किन ऑयली होती है, उन्हें इसका उपयोग करना चाहिए।

**चेहरे का निखार बढ़ता है :** अगर आपकी स्किन मौसम या काम के प्रेशर की वजह से अक्सर डल नजर आती है, तो आपको चाहिए इस फेस पैक का उपयोग जरूर करें। यह फेस आपकी अनइवेन स्किन टोन या डल स्किन में निखार लाने का काम करता है। दरअसल, उड़द की दाल में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो स्किन को ग्लोइंग बनाते हैं। इसके अलावा, उड़द की दाल से बने फेस पैक में ब्लीचिंग प्रोपर्टी भी होती है, जो कि स्किन को इवेन टोन देने में मदद करते हैं।

**सनबर्न रिमूव करता है :** उड़द की दाल में कूलिंग इफेक्ट होता है, जो कि सनबर्न से बचाने में आपकी मदद कर सकता है। आप चाहें, तो उड़द की दाल से बने फेसपैक में दो से तीन चम्मच दही मिलाकर इसे अच्छी तरह ग्राइंड कर लें। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं।

# रोज आंखों को ठंडे पानी से धोने से मिलते हैं कई फायदे



**हम में से ज्यादातर लोग अपना अपना आधे से ज्यादा समय मोबाइल, लैपटॉप या टीवी की स्क्रीन के सामने बिताना पसंद करते हैं। ऐसा करना न सिर्फ आपकी आंखों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि इससे आपका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं ठंडे पानी से आंखे धोने से आपकी आंखों का समस्याओं से तो छुटकारा मिलता ही है, वहीं ये आपको कई अन्य स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। हमने अक्सर अपनी दादी-नानियों को ठंडे पानी से आंखें और मुंह धोने की सलाह देते हुए सुना है। यह आंखों, त्वचा और मस्तिष्क को हेल्दी रखने का आसान और बेहद प्रभावी तरीका है।**

### शरीर की थकान दूर होती है

जब लोग लंबे समय तक काम कर रहे होते हैं या कहीं से यात्रा करने के बाद थकान महसूस करते हैं। ऐसे में ठंडे पानी से आंखें धोना न सिर्फ आपको रिलैक्स महसूस कराता है, बल्कि आपकी थकान को दूर करने और तरोताजा महसूस करने में भी मदद करता है।

### गर्मियों में आंखों को हेल्दी रखने के लिए जरूरी है

गर्मी के मौसम में आंखों की समस्याएं पैदा होती हैं जैसे आंखें लाल होना, बोझिल होना, आंखों में खुजली और जलन। ज्यादा समय स्क्रीन के सामने बिताना और प्रदूषण के कारण इस तरह की समस्याएं बहुत आम हैं। इसके अलावा आंखों में इंफेक्शन जैसी समस्याएं होती है। ऐसे में ठंडे पानी से आंखें धोने से गर्मियों के मौसम में आंखों से जुड़ी समस्याओं का जोखिम कम होता है।



### चेहरा स्वस्थ रहता है

ठंडे पानी से आंखें धोते समय जब ठंडे पानी की बूंदे आपके चेहरे पर पड़ती हैं तो इससे आपके चेहरे को भी लाभ मिलता है। जिस तरह चेहरे पर बर्फ के टुकड़े रगड़ना स्किन को लाभ पहुंचाता है उसी तरह ठंडे पानी से चेहरा धोना भी त्वचा को कई लाभ पहुंचाता है। इससे त्वचा फ्रेश होती है, चेहरे की झुर्रियां काफी हद तक कम करने में मदद मिलती है और बढ़े हुए रोम छिद्र श्रिंक होते हैं। साथ ही त्वचा में चमक आती है और चेहरा जवां नजर आता है।

### आंखें स्वस्थ रहती हैं

लगातार मोबाइल, लैपटॉप, टीवी की स्क्रीन से चिपके रहने से आंखें थकी, लाल और आंखों में धुंधलेपन जैसी समस्याएं होती हैं। इसके अलावा देर रात तक स्क्रीन पर काम करने से जब अगले दिन आप सो कर उठते हैं तो आंखें सूजी और थकी हुई नजर आती हैं। ठंडे पानी से आंख धोने से आपको इन समस्याओं से राहत मिलती है, और काम के दौरान बीच-बीच में काम के दौरान ठंडे पानी से आंखें धोने से आपकी थकान दूर होती है और ताजगी आती है। आंखों की गंदगी बाहर निकलती है, और आंखों की सफाई होती है। इसके अलावा चेहरे से अतिरिक्त तेल हटाने में मदद मिलती है।

### तनाव दूर होता है

ठंडे पानी से आंखें धोने से आप शांत और आरामदायक महसूस करते हैं। इससे तनाव को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही ज्यादातर लोगों को रात में जल्दी नींद नहीं आती है, खासकर मोबाइल या लैपटॉप का इस्तेमाल करने के बाद। रात को अपना काम खत्म करने के बाद ठंडे पानी से अपनी आंखों को धोएं, इससे तनाव कम होगा और नींद जल्दी आएगी।

# बाल हमेशा रहते हैं रूखे और बेजान? इससे छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

**गर्मियों के मौसम में आपकी त्वचा के साथ-साथ आपके बालों को भी सुरक्षा की जरूरत होती है। ऐसे समय में इनको ज्यादा देखभाल की आवश्यकता होती है। रूखे और बेजान बालों की समस्या खराब खानपान और खराब जीवनशैली के चलते होती है, जैसे- आप बाहर का ज्यादा खाते हैं, शराब का अधिक सेवन करते हैं, तनाव में रहते हैं।**

**नारियल तेल :** आप अपने बालों का रूखपन दूर करने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये तेल आपके बालों में नमी लाने का काम करता है। साथ ही ये आपके बालों में धूप के कारण होने वाले डैमेज को ठीक करता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार, कोकनट ऑयल के इस्तेमाल से धूप के कारण आपके बालों में होने वाले गैप को ठीक किया जा सकता है। आप हफ्ते में 1 बार नारियल तेल से डीप कंडीशनिंग कर सकते हैं। इससे आपके बालों को फायदा मिलेगा।

**टोपी पहनें :** आप अपने बालों की रक्षा के लिए सिर पर टोपी या कपड़े का कोई स्टॉल डालकर बाहर निकल सकते हैं। धूप की किरणें आपके बालों के लिए बहुत ही हानिकारक होती हैं। धूप के संपर्क में आने पर आपके बाल खराब हो सकते हैं। इससे वो रूखे और बेजान दिखाई देने लगते हैं। इसलिए आप अपने बालों को टोपी से ढककर रखें। साथ ही डैमेज को कम करने के लिए आप एलोवेरा जेल अपने बालों में लगा सकते हैं। इससे आपको फायदा मिलेगा।

## खड़ी कारों के तोड़े शीशे

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सुजानगढ़ के लुहारागाड़ा क्षेत्र में एक तरफ जहां सोमवार की रात को परंपरागत घिंदड़ का कार्यक्रम शांतिपूर्वक चल रहा था। वहीं लुहारगाड़ा से एक नंबर रेल फाटक की ओर जाने वाली सड़क पर कुछ असामाजिक तत्वों ने गाड़ियों के कांच तोड़ दिए। जानकारी के अनुसार एक स्कॉर्पियो और एक थार गाड़ी के कांच रात में अज्ञात लोगों ने तोड़ दिए। वहीं कॉमरेड रामनारायण रुलानिया ने बताया कि ऐसे असामाजिक तत्वों को जल्द से जल्द पुलिस को जेल भेजना चाहिए क्योंकि ये शांत सुजानगढ़ में अशांति फैलाना का प्रयास है। वहीं रात को पुलिस ने भी मौका मुआयना किया।

## विधायक बुडानिया ने की रामा-श्यामा

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** विधायक नरेंद्र बुडानिया ने होली के दिन कार्यकर्ताओं व लोगों के साथ होली की रामा-श्यामा की। विधायक बुडानिया ने सैनी संस्था में कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार में घूमकर दुकानदारों व लोगों से होली की रामा-श्यामा की। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मदन पांडिया, वेदप्रकाश सहारण, हरिसिंह बेनीवाल, मानसिंह सैनी, प्रताप मेघवाल, जुगलाल बरवड़, मोहरसिंह ज्याणी, सुरेंद्र सहारण, सहदेव भाटी, कुंदन सैनी, भागीरथ भामी, आसिफ चौहान, बाबूलाल सैनी, दिनेश खण्डेलवाल, रामस्वरूप झाझड़िया, लीलाधर नैण आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया रंगों का त्योहार

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** रंगों का त्योहार होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने रोडवेज बस स्टैंड मार्ग पर पोस्ट ऑफिस के सामने मुख्य होलिका स्थल सहित अन्य स्थानों पर स्थित होलिका पर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद देर रात्रि को होलिका का दहन किया गया। होली के दूसरे दिन मंगलवार को गैर के दिन लोगों ने एक दूसरे के रंग व गुलाल लगाकर होली खेली। बच्चे, युवक युवतियां, महिला, पुरूष सभी रंग में रंगे होली की मस्ती लेते नजर आए। गैर के बाद लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर एक होली की रामा-श्याम की।

## पुत्री ने पगड़ी बांधकर पुत्र धर्म निभाया

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** पिता के स्वर्गवास होने पर जहाँ समाज में लड़के उनके समस्त रस्में निभाते है और लड़की को पराया धन बताते है।वही नोखा मे एक पिता की मृत्यु पर उनकी तीन पुत्रीयों ने समस्त रस्मे निभाकर पुत्र के समस्त कार्य किये। जलदाय विभाग में कार्यरत पाबूदान का स्वर्गवास गत दिनों हुवा जिसके दवादसे पर परिवार की रजा मंदी से जिसमे पगड़ी बंदाई रस्म पूर्ण की। जिसमें पुत्र ना होने पर पुत्री ने एक बेटे का कर्तव्य निभाते हुवे की रस्म पूरी नीतू कंवर ने निभाई। नीतू कंवर के दादोसा हनुमानसिंह, बड़े पापा गुमानसिंह, बड़े पापा केसर सिंह, नानोसा अभयसिंह, बड़े मामोसा धर्मवीर सिंह, मामोसा छलू सिंह, मासोसा अर्जुन सिंह सिसोदिया सबकी सहमति से निभाई।

## मेरा संकल्प संस्था ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

### मनोज राणा की दो बेटियों के विवाह में की मदद

निसं



**जाखल (नवयत्न)।** कस्बे की सामाजिक संस्था मेरा संकल्प व गोगामेड़ी परिवार ने मानवीय पहल करते हुए निर्धन मनोज राणा की दो बेटियों के विवाह में आर्थिक एवं सामग्री सहयोग प्रदान किया। संस्था ने विभिन्न दानदाताओं के सहयोग से लाखों रुपए जुटाकर परिवार की मदद की। इस सहयोग से राणा परिवार को बड़ी राहत मिली और विवाह समारोह सादगी व सम्मान के साथ संपन्न हुआ। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि मनोज राणा की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण विवाह की तैयारियों में कठिनाई आ रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही संस्था के सदस्यों ने आपसी सहयोग से धनराशि एकत्रित कर विवाह में आवश्यक घरेलू सामग्री, वस्त्र एवं अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने कहा कि समाज के जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प दोहराया। विवाह समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। परिवारजनों ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से उनकी बड़ी चिंता दूर हो गई और बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न हो सका।

## अवैध देशी शराब बेचते युवक गिरफ्तार

**जयपुर (नवयत्न)।** श्यामनगर थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 58 पव्वे देशी शराब जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एक प्रकरण दर्ज है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत किशोर शर्मा आरपीएस ने बताया कि अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सोडाला सुनील प्रसाद शर्मा के सुपरविजन तथा थानाधिकारी दलबीर सिंह के निर्देशन में एएसआई अरीत कुमार, कांस्टेबल भंवर सिंह, पवन कुमार व अंकित कुमार की टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध देशी शराब बेचते हुए आरोपी सनी शर्मा 20 निवासी करधनी हाल श्यामनगर को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपी के पास से 58 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण संख्या 94/2026 धारा 19/54 आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है।

# होली के बाद शुरू हुआ गणगौर पूजन, सुहागिनों और कुंवारी कन्याओं में उत्साह

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** रंगों के पर्व होली के बाद अब राजधानी में सुहाग का प्रतीक माने जाने वाला गणगौर पूजन शुरू हो गया है। राजशाही परंपरा से जुड़े इस पर्व को विवाहिताएं ही नहीं, बल्कि कुंवारी कन्याएं भी हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मना रही हैं। मान्यता के अनुसार विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना से गणगौर का व्रत रखकर विशेष पूजा-अर्चना करती हैं, जबकि कुंवारी कन्याएं योग्य वर की प्राप्ति की कामना से यह व्रत करती हैं। होलिका दहन के अगले दिन से ही महिलाओं ने गणगौर पूजन का क्रम शुरू कर दिया। बुधवार सुबह नवविवाहिताएं और कन्याएं बगीचों में जाकर फूल और दूब चुनकर लाई। घरों में पवित्र जल कलश में भरकर ईसर-गणगौर की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा की गई। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीतों की स्वर लहरियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्गौर ये गणगौर माता खोल किवाड़ी, बाहर ऊबी थारी पूजन वाली और गोर-गोर गोमती, जोड़ा पूजा पार्वती का जैसे लोकगीत गूंजते रहे। राजधानी में कई स्थानों पर सामूहिक रूप से भी गणगौर पूजन किया जा रहा है। श्रीमन्न नारायण प्रन्यास की ओर से ढहर के बालाजी स्थित श्री मन्न नारायण धाम में महिलाओं द्वारा सामूहिक गणगौर पूजन किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर ईसर.गौर का पूजन कर रहे हैं। गणगौर पर्व के साथ ही शहर में पारंपरिक उत्सवों की श्रृंखला का आगाज हो गया है। आने वाले दिनों में गणगौर की शोभायात्रा और विशेष कार्यक्रमों की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। राजधानी में आस्था, परंपरा और संस्कृति का यह सुंदर संगम एक बार फिर नजर आने लगा है।

# हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और अतिथि गृह का उद्घाटन आज



निसं

**बीदासर (नवयत्न)।** कस्बे के मणोत हॉस्पिटल मार्ग पर बीदासर निवासी एवं बैंगलोर, चैन्नई अमेरिका के डलास प्रवासी गिड़िया परिवार के सौजन्य से स्वण्हनुमानमल, श्रीकंवरी व डूंगरमल गिड़िया की पुण्य स्मृति एवं आशीर्वाद से भव्य श्री हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व हनुमान अतिथि गृह का लोकार्पण कार्यक्रम आज गुरूवार को प्रात: 10 बजें से शुरू होगा। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को मंदिर प्रांगण में हवन एवं पूजन, अनुष्ठान व भजन-कीर्तन के कार्यक्रम हुए। मंदिर प्रांगण में अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना विद्वान पंडित बजरंगलाल दाधीच, पंडित चंद्र प्रकाश शर्मा व पंडित हनुमानमल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र के जाप से हुआ। अनुष्ठान कार्यक्रम में मुख्य यजमान पन्नालाल, कन्हैयालाल, हंसराज, कमल, निलेश, नवीन, प्रवीण, नितेशए मनीष, अरीहंत गिड़िया, बहन शोभा सिंघी, उम्मेद सिंह सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रदालु उपस्थित थे।

## 250 किलो मिलावटी पनीर जब्त कर नाले में किया नष्ट

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** होली और रमजान के बीच खाद्य पदार्थों में मिलावट पर सख्ती दिखाते हुए जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने टीला नंबर-1 के पास एक डेयरी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 250 किलोग्राम संदिग्ध व मिलावटी पनीर की खेप जब्त की। पनीर अलवर के मेवात क्षेत्र से तैयार होकर जयपुर लाया गया था। पुलिस के अनुसार 2 मार्च की रात पीसीआर टीम गश्त पर थी। इसी दौरान टीला नंबर-1 के पास राधे बेकर्स के बाहर एक बाहरी नंबर की पिकअप गाड़ी खड़ी दिखाई दी। पुलिस वाहन को देखकर वहां मौजूद एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया। उसके भागने पर पुलिस को संदेह हुआ और पिकअप की तलाशी ली गई। जांच के दौरान वाहन में रखे कंटेनरों में बड़ी मात्रा में पनीर भरा मिला। कंटेनर खोलते ही पनीर से तेज और अजीब बदबू आ रही थीए जिससे उसके मिलावटी होने की आशंका गहरा गई। इसके बाद पुलिस ने तुरंत जिला कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम को सूचना दी और सीएमएचओ जयपुर की फूड सेफ्टी टीम को मौके पर बुलाया। फूड सेफ्टी टीम अधिकारी विशाल मित्तल के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। टीम ने पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। प्रारंभिक जांच में पनीर को मिलावटी मानते हुए पूरी खेप को नष्ट करने के निर्देश दिए गए। पुलिस और फूड सेफ्टी टीम की निगरानी में करीब 250 किलोग्राम पनीर को ईदगाह के पास स्थित नाले में डालकर नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है और फरार व्यक्ति की तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 232 मरीज लाभान्वित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कोछोर ग्राम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कोछोर, रेटा, लक्ष्मणपुरा, सवाईपुरा, इन्द्रपुरा, सेपटों की ढ़ाणी आदि समीपवर्ती क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट, डर्मेटोलॉजिस्ट तथा डेंटल सर्जन की बड़ी विशेषज्ञ टीम द्वारा 232 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में कोछोर सरपंच सांवरमल, पूर्व उपसरपंच विजय जैन, एडवोकेट सागरमल ढ़ाका, गिरधारी लाल घोड़ेला, जगदीश सेपट, रामेश्वर दयाल भूकल, नाथूलाल मीणा, मूलचंद मारवाल, जगदीश प्रसाद सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।

# सांस्कृतिक व धमाल कार्यक्रम आयोजित



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** ढाणी जयरामका वाली मे धमाल और लोकगीतों के माध्यम से युवाओं में जागृति लाने का कार्य कर रहे हैं। पारंपरिक लोकसंस्कृति को पुनर्जीवित करने के मिशन में लगे हैं, अपने गीतों के जरिए नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश देने और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने में भी सक्रिय हैं।

इसके अलावा उन्होंने कई लोकगीत और देशी धमाल प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया है। खडोलिया ने बताया कि उनकी डफ मंडली में धमाल गायक बनवारी लाल सैनी, संतोष सैनी, नरेंद्र सैनी, नाथूलाल सैनी, तेजपाल सैनी, मेंद्र शर्मा, देव सैनी जितेंद्र सैनी हैं। चंग मास्टर के रूप में जमन सैनी और अजय सैनी छगनलाल अपनी भूमिका निभा रहे हैं। साँग प्रस्तुत करने वालों मे महेंद्र खडोलिया भी टीम के सक्रिय सदस्य हैं। धमाल के माध्यम से युवाओं में लोक संस्कृति के प्रति प्रेम और जागरूकता बढ़ाना भी है। उनका यह प्रयास स्थानीय स्तर पर सराहनीय माना जा रहा है। होलिका दहन हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपने भीतर की नकारात्मकता को त्यागकर सत्य, प्रेम, सद्भाव और धर्म के मार्ग पर चलें। इस पावन पर्व पर आपके जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रकाश लाए। खडोलिया ने बताया की होली का दहन के दुसरे दिन धुलंडी का त्योहार मनाया जता है इस दिन सभी लोग रंगों का त्यौहार मना कर सब बुराईयों को छोड़कर होली खेलते हैं। एक दूसरे से भाईचारा निभाते हैं। कस्बे सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों में होली का त्यौहार बड़े उत्साह के साथ मनाया।

# पच्चीस हजार रुपए का इनामी डमी परीक्षार्थी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने कार्रवाई करते हुए सहायक अभियंता सिविल भर्ती परीक्षा-2022 में डमी परीक्षार्थी बनकर परीक्षा देने वाले पच्चीस हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 21 मई 2023 को आयोजित सहायक अभियंता सिविल स्वायत्त शासन विभाग प्रतियोगी परीक्षा में गड़बड़ी सामने आई थी। जांच में पता चला कि मूल अभ्यर्थी इंद्राज सिंह के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति ने डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा दी। प्रवेश पत्र में फोटो से छेड़छाड़ कर सुनियोजित तरीके से यह साजिश रची गई थी। इस मामले में एसओजी ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पूर्व में मूल अभ्यर्थी इंद्राज सिंह सहित सहयोगी परमेश्वर लाल और सलमान खान को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है। वहीं अनुसंधान के दौरान फरार चल रहे डमी परीक्षार्थी गुरदीप दास 31 निवासी आजाद नगर जिला हिसार हरियाणा की गिरफ्तारी के लिए पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। उसे डीएसटी भरतपुर टीम के सहयोग से हरियाणा से पकड़कर एसओजी ने विधिवत गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी गुरदीप दास ने ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से बाहरी सहायता प्राप्त कर परीक्षा दिलवाई और मूल अभ्यर्थी को अनुचित लाभ पहुंचाया। चौंकाने वाली बात यह है कि गुरदीप दास के पास कोई इंजीनियरिंग डिग्री नहीं है और वह मात्र 12वीं पास है। इसके बावजूद परीक्षा में उसकी सफलता से पेपर लीक की आशंका भी गहराई है, जिसकी जांच की जा रही है। जांच में यह भी सामने आया कि मूल अभ्यर्थी इंद्राज सिंह के पास इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री होने के बावजूद उसने सिविल अभियंता पद के लिए आवेदन किया और डमी परीक्षार्थी के माध्यम से परीक्षा उत्तीर्ण कर सरकारी सेवा प्राप्त करने का प्रयास किया। अब तक इस प्रकरण में एक मूल अभ्यर्थी, एक डमी परीक्षार्थी और दो सहयोगियों सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसओजी के अनुसार आरोपी गुरदीप दास के खिलाफ हरियाणा और राजस्थान में कुल सात आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पूर्व में भी वह विभिन्न परीक्षाओं में डमी के रूप में बैठने के मामलों में लिप्त पाया गया है। इस मामले में पेपर लीक और ब्लूटूथ नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है। एसओजी का कहना है कि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी, सीकर (राज.)

क्रमांक:- जिसासशी/सी/2026/39 दिनांक:- 26.02.2026

**निविदा सूचना संख्या-06/2025-26**

उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (2022-27) के अन्तर्गत लर्नर्स पंजीकरण फार्म, प्रश्न-उत्तर पुस्तिका का मुद्रण/फोटो स्टेट कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त की अनुमानित लागत 3,92,000/- रूपये, निविदा प्राप्त करने तथा खोलने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण कार्यालय समय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB Code: LIT2526A0066

UBN: LIT2526GSLB00064

DIPR/C/4550/2026

**जिला साक्षरता एवं सतत् शिक्षा अधिकारी, सीकर**

**संख्याक-6**

**अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्याशी को सूचना**

**(आदेश 41 या नियम 14)**

**न्यायालय जिला कलेक्टर महोदय झुंझुनू जिला झुंझुनू**

**सिकन्दर आदि बनाम अब्दुल फिरोज आदि**

**अपील सं. 319/2025**

**प्रेषित :-**

1. अब्दुल फीरोज पुत्र इदुल इस्लाम
2. मौ. रहीस पुत्र इदुल इस्लाम
3. मौ. सदीक पुत्र इदुल इस्लाम
4. बिस्मिला पुत्री इदुल इस्लाम
5. शमीम बानो पत्नी मो. इकबाल
6. मंगतू अली पुत्र समदर उर्फ समदा
7. रोशन अली पुत्र गुटार बानो पुत्री स्व. रहीमा
8. मदीना बानो पुत्री गुटार बानो पुत्री स्व. रहीमा
9. लाड़ो बानो पुत्री गुटार बानो पुत्री स्व. रहीमा
10. मकुल बानो पुत्री गुटार बानो पुत्री स्व. हीमा
11. मोहम्मद रफीक पुत्र स्व. सुरगीयान पत्नी इस्लामुदिन
12. मो. सलीम पुत्र स्व. सुरगीयान पत्नी इस्लामुदिन
13. मोहम्मद सरीफ पुत्र स्व. सुरगीयान पत्नी इस्लामुदिन
14. मोहम्मद आसिफ पुत्र स्व. सुरगीयान पत्नी इस्लामुदिन
15. रुकसाना बानो पुत्री स्व. सुरगीयान पत्नी इस्लामुदिन
16. रहिना बानो पुत्री स्व. सुरगीयान पत्नी इस्लामुदिन
17. आसमीन बानो पुत्री स्व. सुरगीयान पत्नी इस्लामुदिन
18. नशिम बानो पुत्री स्व. सुरगीयान पत्नी इस्लामुदिन
19. मुबारिक पुत्र यासीन पौत्र मोलाबक्स
20. रमजान पुत्र यासीन पौत्र मोलाबक्स
21. लाला पुत्र यासीन पौत्र मोलाबक्स
22. सिराज पुत्र यासीन पौत्र मोलाबक्स
23. ईकबाल पुत्र इब्राहिम पौत्र मोलाबक्स
24. रुस्तम पुत्र इब्राहिम पौत्र मोलाबक्स
25. ईलीयास पुत्र इब्राहीम पौत्र मोलाबक्स
26. सिकन्दर पुत्र इब्राहीम पौत्र मौलाबक्स
27. इस्लाम पुत्र रजाक पौत्र मोलाबक्स
28. युसूफ पुत्र रजाक पौत्र मोलाबक्स
29. लियाकत पुत्र नबाब पौत्र मोलाबक्स
30. साकिर पुत्र नबाब पौत्र मोलाबक्स
31. आसिफ पुत्र मो. इकबाल
32. आसमा बानो पत्नी अब्दुल फिरोज
33. समीम पत्नी सदीक
34. मो. रमजान पुत्र इदुखान

समस्त जाति चौपदार मुसलमान निवासी मौहल्ला चौपदारों का फुटला बाजार झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू

35. विजयपाल सिंह बलोदा पुत्र बजरंगलाल बलोदा जाति जाट निवासी ग्राम रिजाणी तहसील व जिला झुंझुनू
36. उप-पंजीयक झुंझुनू
37. भूमि अधिकारी तहसीलदार झुंझुनू

अपीलान्टगण के द्वारा तहसीलदार झुंझुनू के द्वारा स्वीकृत नामान्तरण संख्या 15 दिनांक 19.06.1957 के आदेश की अपील अपीलान्टगण के द्वारा न्यायालय में उपस्थापित की गई है और इस न्यायालय में दर्ज रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा तारीख 25.03.2026 नियत की गई है। यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपका प्लीडर या आपके कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में उक्त अपील सुनी और विनिश्चित की जायेगी। यह आज तारीख 539/26-02-2026 मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।

**रीडर**
**न्यायालय जिला कलेक्टर झुंझुनू**
**जिला झुंझुनू**

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल खण्डेला सीकर (राज.)

Email id : eokhandela.lsg@rajasthan.gov.in

क्रमांक:- नपाख/2025-26/5412 दिनांक:- 26.02.2026

**बोली आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका खण्डेला की ओर से नगरपालिका क्षेत्र में कार्य करवाये जाने हेतु उपयुक्त श्रेणी के विभिन्न राजकीय विभागों में पंजीकृत संविदाकारों से बोली आमंत्रित की जाती है। निविदा website **www.sppp.raj.in** से **download** कर देखी / प्राप्त की जा सकती है RTPP एक्ट की नियम और शर्त लागु होंगी जिसके **NIB Code** व **UBN No.** इस प्रकार है

| S.NO | WORK S.NO. | SPPP UBN | NIB NO. |
|---|---|---|---|
| 1. | 01 | DLB2526GSOB36344 | DLB2526B2247 |
| 2. | 02 | DLB2526GSOB36345 | DLB2526B2247 |

राज.संवाद/सी/25/21654 अधिशाषी अधिकारी

## MUNICIPAL BOARD SHRIMADHOPUR(SIKAR)

shrimadhopur.jaipur@yahoo.com

Sr.n./NPSMPR/2026/2783 DATE 26-02-2026

**RFP NOTICE**

Municipal Board shrimadhopur invites Request for Proposal (RFP) for impanelled in appropriate categories with DLB/UDH/RUDSICO/RUIDP for Consultancy Services for "Prepration of DPR for Sewerage work for Municipal Board shrimadhopur of year 2026- 27". Interested consultants can visit the http://sppp.rajasthan.gov.in/ and MBShri office to check the requirements of the department before submitting the RFP. The sealed proposal super scribed as RFP for Consultancy Services for Prepration of DPR for Sewerage for Municipal Board shrimadhopur of year 2026- 27". should be submitted by Executive Officer Shrimadhopur at the address mentioned above via speed post or Registered post along with the Docket Cost of Rs. 10,000/- in the form of Demand Draft (DD) in favors of Executive officer municipal board shrimadhopur Modifications/Amendments/ Corrigendum, if any shall not be advertised in the newpaper but shall be published in the Government site only. the under signed reserve the right to change the terms and conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.

**RFP Code : DLB2526RFP0065**

Raj.Samwad/C/25/21650 **Executive officer**

## कचौड़ी की दुकान में भीषण आग, समय रहते बड़ा हादसा टला



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कोतवाली थाना इलाके स्थित फिल्म कॉलोनी में सोमवार दोपहर एक कचौड़ी और नमकीन की छोटी दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान में रखे गैस सिलेंडर और गर्म तेल के कारण आग तेजी से भड़क उठीए जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। एहतियातन आसपास की दुकानों को तुरंत बंद करा दिया गया। थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि सूचना पर दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते कार्रवाई होने से बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर की पाइप में लीकेज को आग लगने का कारण माना जा रहा है। घटना के समय दुकान मालिक मदनलाल मीणा और कर्मचारी सत्यनारायण दुकान में मौजूद थे। आग की चपेट में आकर दुकान में रखा तेल व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। मौके पर एएसआई मनोज मीणा जाब्ते के साथ पहुंचे और दुकान में रखे एक बड़े व एक छोटे सिलेंडर को सुरक्षित बाहर निकलवाया। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से 4 मार्च बुधवार को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया और निःशुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए कूपन दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है, लेकिन 27 फरवरी से 3 मार्च तक राजकीय अवकाश होने के कारण चार मार्च को दिवस मनाया गया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की गई और पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए।

## होली स्नेह मिलन पर 34 विद्यार्थियों का किया सम्मान

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** होली के पावन अवसर पर ग्राम सौंथली गांव में योद्धा ग्रुप की ओर से स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश दिया। शहीद ओमप्रकाश जाखड़ की प्रतिमा के पास हुए इस कार्यक्रम डफपार्टी द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गीत-संगीत और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह के दौरान योद्धा ग्रुप के सदस्यों ने 10 वीं व बारहवीं कक्षा के 34 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया। साथ ही विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा इस वर्ष राजकीय सेवा में लगे नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। वही डफ पार्टी के कलाकारों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान प्रदान किया गया। ग्रुप के अध्यक्ष दलीप मूंड ने अपने संबोधन में गांव में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने स्वच्छता बनाए रखने, नशा मुक्ति, शारीरिक फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा साइबर ठगी से सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांव की एकता और भाईचारा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों और युवाओं ने समाज में सद्भाव व एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर आयोजक टीम व अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## गायों को गुड़ खिलाकर मनाया राठौड़ का जन्मदिन

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भाजपा जिला महामंत्री पराक्रम सिँह राठौड़ के जन्म दिवस पर तारानगर क्षेत्र के गाँव राजपूरा में सरपंच प्रतिनिधि डॉ. अमित सिहाग के नेतृत्व में गाँव की गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर राठौड़ के स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की। सभी ने उन्हें जन्म दिवस की बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर डॉ. अमित सिहाग, परमेश्वरलाल स्वामी, इकबाल सोलंकी, रेवंतमल लाटा, रणजीत तंवर, भगवाना राम इंदलिया, सलीम, बिलाल नाई, इकरामुदीन नाई, कुलदीप, जगदीश, हरी स्वामी, विशाल सिँह, महावीर सहित काफी ग्रामीण मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया होली का पर्व

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** होली का पर्व शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर में अनेक जगहों पर होली के अवसर पर होली मंगलाने के कार्यक्रम मोहल्लों में भी आयोजित किये गए। शहर के नया बाजार चौक में होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा नेता व पूर्व उप सभापति बाबूलाल कुलदीप, भाजपा जिला मंत्री पवन माहेश्वरी, खुशीराम चांदरा, दिनेश पंसारी आदि लोगों ने विधि विधानपूर्वक पूजा अर्चना की। पंडित गोपाल शर्मा, गोविंद शर्मा ने पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई। कार्यक्रम में मनोज मोदी, हरीप्रसाद बेड़िया, संतोष बेड़िया, मक्खन मोदी, कालीचरण, राहुल मोर, जंवरीमल बगड़िया, रामावतार, सुमित मोर सहित अनेक मोहल्लेवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर लोगों भक्त प्रहलाद के जयकारे भी लगाए और हरीकीर्तन किया। वहीं होलिका दहन के साथ ही गौर पूजन का सिससिला भी शुरू हो गया है। लोग होलिका दहन के बाद अपने घरों में होलिका दहन की राख ले जाते हुए देखे गएए जिससे गणगौर पूजन आरंभ किया जयेगा। इसी प्रकार सर्वेश्वर महादेव मंदिर के पास आयोजित कार्यक्रम में मांगीलाल नाथ द्वारा विधि विधान के साथ पूजा किया गया। इस अवसर पर नोरतनसिंह, बुधाराम नाथ, श्यामलाल गोदारा, भंवरलाल शेरड़िया, अशोक जांगिड़, ओंकारमल प्रजापत, राजू प्रजापत, अशोक ढाका, जगदीश नाथ, लालचंद गुलेरिया, हनुमान खाती, घनश्याम प्रजापत, गणेश इसरावा आदि लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार लुहारागाड़ा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। केंद्र प्रभारी बीके सुप्रभा ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताया। बीके सुप्रभा ने सभी को आत्मस्मृति का तिलक लगाया और सभी को व्यसन मुक्त रहने और पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने के लिए संकल्प भी कराया बीके दिपीका, बीके शिल्पा ने पुष्प वर्षा और गुलाब जल की वर्षा की। कार्यक्रम में ओमप्रकाश तूनवाल, दीपा चौरड़िया, नागरमल, करणी सिंह शेखावत, सीताराम शर्मा, बाबूलाल पारीक, लक्ष्मीनारायण सोनी, त्रिलोकचंद दूधवाल, राजकुमार प्रजापत, अवतार सिंह, सविता, गिनी देवी, अल्का, दीपा चोरडिया, भंवरी देवी, इंद्रा देवी, मोहिनी देवी, गोमती प्रजापत, कमला आदि ने भाग लिया। उपस्थित सभी ने होली की धमाल पर अपना नृत्य भी किया।

### गैर में रंगे रहे शहर के लोग

शहर में होली की गैर परंपरागत रूप से खेली गई। इस बार होली की गैर दो दिनों तक चली। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं होली की गैर के बाद लोगों ने रामा श्यामा की। छोटो ने बड़े लोगों से पैर छूकर आशीर्वाद लिया। अनेक जगहों पर परम्परागत चंग की थाप और होली के गीतों पर लोग झूमते हुए रंगों से लथपथ नजर आए।

## बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल में मनाया होली पर्व



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मेगा हाईवे स्थित बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल में होली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और भाईचारे के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंगों की खुशबू और विद्यार्थियों की खिलखिलाहट से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने होली से जुड़े गीतों पर नृत्य किया। बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने प्राकृतिक रंगों के उपयोग और सुरक्षित होली खेलने का संदेश भी दिया। स्कूल संस्थापक एल आर खिलेरी ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को होली की बधाई देते हुए भारतीय त्योहारों को लोक परम्पराओं, संस्कृति का संरक्षक बताया। प्राचार्य प्रमिला तिवारी उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, एकता और सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहते हुए त्यौंहार मनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बुधाराम खिलेरी, मुकेश खिलेरी सहित स्टाफ सदस्यगण भी मौजूद रहे। विद्यार्थियों के रंग-बिरंगे चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर इस उत्सव को यादगार बना दिया।

## पांच दिवसीय गीदड़ नृत्य संपन्न



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे में 400 वर्षों से अधिक समय से चली आ रही गीदड़ नृत्य की परंपरा आज भी कायम है। कस्बे में गांधी चौक नृत्य कला मंडल एवं मैन बाजार नृत्य कला मंडल में पांच दिवसीय गीदड़ नृत्य शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। पांच दिवसीय कार्यक्रम में कस्बे के फाग के रसिया ने राजस्थानी वेशभूषा में सर पर पगड़ी धोती कुर्ता पैरों में घुंघरू डंके की चोट पर नृत्य किया। इसके अलावा कस्बे के छोटे-छोटे बच्चों ने मेहरी का स्वांग बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं दोनों स्थलों पर कस्बे के प्रसिद्ध कलाकार हरिओम कत्थक, रंजीत कत्थक, मनोज मारू, एडवोकेट राजेंद्र सैनी, विकास शर्मा, गणेश दाधीच, अमित दाधीच, गोपी मारू, श्रवण पारीक, विशाल पांडे, विजय सैनी, ताराचंद खडोलिया, जगदीश राजपुरोहित, गोरी मारू आदि कलाकारों द्वारा होली की गीतों की शानदार प्रस्तुति पेश की। वही इस भव्य कार्यक्रम में रतनगढ़ डीएसपी इनसार अली, थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल, रतनगढ़ थाना प्रभारी रतनलाल मेघवाल आदि का सराहनीय योगदान रहा। पांच दिवसीय कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न होने पर गांधी चौक नृत्य कला मंडल के अध्यक्ष कमल सिंह डागा, मैन बाजार नृत्य कला मंडल के मनोज महावर ने सभी कस्बेवासियों एवं प्रवासियों का आभार जताया। कार्यक्रम संपन्न होने पर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। वही इस भव्य कार्यक्रम में राजलदेसर के हजारों की तादाद में प्रवासियों ने भी अपनी मातृभूमि पर आकर कार्यक्रम का आनंद उठाया एवं

## नोखा प्रीमियर लीग की चैंपियन बनी के एम बी सुपर किंग्स



निसं

नोखा (नवयत्न)। नोखा प्रीमियर लीग के अंतिम दिन रविवार को प्लेऑफ व फाइनल मुकाबले दुधिया रोशनी में खेले गए। पहला क्वालीफायर मैच राइजिंग स्टार व माहेश्वरी वॉरियर्स के बीच खेला गया जिसमे राइजिंग स्टार विजयी रही जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में प्रवेश की।

दूसरा मैच जो की एलीमेटर मैच था। जो के एम बी सुपर किंग्स व संकट मोचन वॉरियर्स के बीच खेला गया जिसमे के एम बी सुपर किंग्स विजयी रही। तीसरा मैच जो क्वालीफायर मैच था जिसमे पहला मैच हारने वाली व दूसरा मैच जीतने वाली टीम यानी माहेश्वरी वॉरियर्स व के एम बी सुपर किंग्स के बीच खेला गया जिसमे के एम बी सुपर किंग्स विजयी रही। अंतिम फाइनल मुकाबला राइजिंग स्टार व के एम बी सुपर किंग्स के बीच खेला गया जिसमे के एम बी सुपर किंग्स ने मैच जीतकर एन पी एल सीजन 1 का खिताब अपने नाम किया । समापन समारोह व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि नारायण झंवर नगरपालिका अध्यक्ष, निर्मल भूरा नगरपालिका उपाध्यक्ष, मुख्य स्पॉन्सर गौतम लूणावत, ललित झंवर माहेश्वरी सभा जिला अध्यक्ष बीकानेर, महावीर चांडक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माहेश्वरी युवा संगठन, अंकित तोषनीवाल जिला खेल माहेश्वरी सभा, सुरेंद्र हीरावत अध्यक्ष महावीर इंटरनेशनल नोखा व आनन्द बिहानी जिला अध्यक्ष माहेश्वरी युवा संगठन बीकानेर, किशन तोषनीवाल टॉस व ट्रॉफी स्पॉन्सर द्वारा फाइनल जीतने वाली टीम को ट्रॉफी व 151000 का नकद पुरस्कार, उपविजेता टीम को ट्रॉफी व 51000 का नकद पुरस्कार दिया गया । साथ में मैन ऑफदा सीरिज का पुरस्कार के एम बी के धीरज सुथार को ट्रॉफी व 21000 नकद पुरस्कार दिया गया। एन पी एल के मुख्य स्पॉन्सर के रूप में गौतम लूणावत, को स्पॉन्सर जेठाराम चौधरी, जेसाराम चौधरी व दीपाराम सारण, उत्तम करनानीएटॉस व ट्रॉफी स्पॉन्सर किशन तोषनीवाल, टीशर्ट राइट हैंड स्पॉन्सर व फेयर प्ले अवार्ड स्पॉन्सर मुकेश बिहानी व मनीष तापड़िया, टीशर्ट लेफ्ट हैंड स्पॉन्सर पंकज नागपाल, ग्राउंड स्पॉन्सर महेश तापड़िया व दीपक बिहानी, कैप स्पॉन्सर महेश लाहोटी व सभी टीम स्पॉन्सर आदि का सहयोग सराहनीय है । जिनको आयोजक समिति द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस दौरान सीए ताराचंद मरोठी, डॉ राधेश्याम लाहोटी, ललित गोलछा, भंवर लाल बाहेती, मनोज राठी, हरिप्रकाश चांडक, राकेश पिंचा, गुड्डू हीरावत, सुशील भूरा आदि उपस्थित रहे। आयोजक समिति के दीपक बरडिया, सुमित छाजेड़,निर्मल चोपड़ा, दिनेश राठी, रोहित कोठारी, जीतू करनानी, अभिषेक कांकरिया, हितेश राठी, किशन लोहिया, नितेश राठी आदि ने एन पी एल के सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया ।

## महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की हवेली पर हुई गीतां री गोठ

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मरूदेश संस्थान द्वारा होली के अवसर पर महाकवि कन्हैयालाल सेठिया को समर्पित गीतां री गोठ कार्यक्रम में रसिया चंग मंडल द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा द्वारा संचालित कार्यक्रम की अध्यक्षता सीए राधेश्याम अग्रवाल ने की और मुख्य अतिथि विधायक मनोज मेघवाल रहे। विशिष्ट अतिथि एआईसीसी की राष्ट्रीय समन्वयक डॉ चयनिका उनियाल पंडा, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक, पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल, साहित्यकार डॉ वीरेंद्र भाटी मंगल, हर्षलता दूधोड़िया, सुजानगढ़ नागरिक परिषद् के मंत्री आदित्य कोठारी, सुजानगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप तोदी रहे। कार्यक्रम के सूत्रधार संस्कृतिधर्मी खड़्ग सिंह बांठिया ने कन्हैयालाल सेठिया की हवेली को लोक संग्रहालय बनाने की मांग की। इस अवसर पर कन्हैया लाल सेठिया के गीत पातळ और पीथळ तथा धरती धोरां री की चंग पर प्रस्तुतियां दी गई। सचिव कमल नयन तोषनीवाल, रतन सैन, कन्हैयालाल स्वामी, पार्थ सोनी, अर्जुन सियोता, राजेश बिहारी, पूनमचंद सारस्वत, वंदना माटोलिया, आरूषि जांगिड़, सुमित्रा सैन, रानी जैन, प्रमिला प्रजापत, अनिल माटोलिया आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक मनोज मेघवाल ने रसिया चंग मंडल के रौनक बांठिया, डॉ हेमंत शर्मा, सुजल जांगिड़, शुभम दानोदिया,, अरविंद विश्वेद्रा, दक्ष बाफना, तनुज शर्मा, डॉ शशिकांत सोनी, राजेश कोठारी, मनोज बाफना, दीपक शर्मा आदि का बेहतरीन कलात्मक प्रस्तुतियों के लिए सम्मान किया। विधायक ने कार्यक्रम में सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए होली को सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बताया। इस अवसर पर शिवशंकर शर्मा, गोविंदराम क्याल, परमानंद मिश्रा, औंकार पारीक, विद्याधर बेनीवाल, देविकारानी सेठिया, राजेंद्र सेठिया, रामचंद्र गोदारा, अमित मारोठिया, बजरंग लाल सैन, मुरली सैन, बीएल टाक, रामावतार शर्मा, मुकुल मिश्रा, अर्पिता शर्मा आदि मौजूद रहे। आयोजन में खड़्ग सिंह बांठिया का शॉल और साफा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। सभी ने फूलों के साथ होली खेली।

## सांखला ने भजनों से बांधा समा



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री श्याम गो सेवा मंडल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्याम सतरंगी महोत्सव के तृतीय दिवस पर श्याम बाड़ी में भजन संध्या का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य यजमान राजेश सोनी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात भजन संध्या का आगाज नागौर के सुप्रसिद्ध भजन गायक महावीर सांखला ने गणेश वंदना के साथ किया। उन्होंने बाबा श्याम के श्रीचरणों में एक से बढ़कर एक मधुर एवं भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उनके चिर-परिचित भजन पर भक्तों में अपार उत्साह और उमंग देखने को मिली। महोत्सव में मंडल अध्यक्ष चैनरूप सोनी, मंत्री नंदलाल चौहान, नंदू सारस्वत, अजित स्वामी, अमरचंद नाई, मुरारी गोवला, अंकित चौहान, जीतू नाई, दीपक सोनी, तिलोकचंद सोनी, कुलदीप नाई, पंकज जांगिड़, किशनसिंह राजपूत, गोविंद सारस्वत, कौशल सोनी, नवीन स्वामी, गिरधारी स्वामी, जीतू प्रजापत, सौरभ पारीक, राकेश रिणवा, बाबूलाल सैन, राकेश काछवाल, योगेंद्र शेखावत, हेमंत चौहान, सुखा प्रजापत, कमल शर्मा, राजेश सोनी, अरविंद स्वामी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भामाशाहों का मंडल पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। संपूर्ण वातावरण हारे के सहारे बाबा श्याम हमारे के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। उपरोक्त जानकारी मंडल के कोषाध्यक्ष भागीरथ करवा ने दी।

## पॉक्सो एक्ट का इनामी आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सदर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित चल रहे इनामी आरोपी को महाराष्ट्र के नासिक से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर दो हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि 17 जनवरी 2026 को सदर थाना क्षेत्र में एक परिवाद दर्ज कराया गया था। परिवाद के अनुसार 17 दिसंबर 2025 की रात परिवादिया की 10 वर्षीय पुत्री के साथ जबरन छेड़छाड़ व अपहरण के प्रयास की घटना हुई। बच्ची के शोर मचाने पर परिजन बाहर आए तो आरोपी उसे जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश कर रहा था। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हुए तो आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी पास ही किराये से रहने वाला महेश नामक व्यक्ति था। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान आरोपी महेश लाल 32 निवासी पुरानी दिल्ली हाल सदर जयपुर की पहचान हुई। लेकिन वह अपने किराये के मकान व स्थायी पते से फरार मिला। महिला व बाल अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी पर दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश गुप्ता के सुपरविजन व सहायक पुलिस आयुक्त धर्मवीर सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी बृजमोहन कविया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जहां टीम ने तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सोमवार को आरोपी को महाराष्ट्र के नासिक में साइकिल पंचर की दुकान पर काम करते हुए दस्तयाब कर लिया।

पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर जयपुर लाया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफदर्ज धाराओं में अपराध सिद्ध पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के बिंदायका रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की शाम एक 35 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही कनकपुरा आरपीएफए जीआरपी एवं बिंदायका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा रेलवे स्टेशन परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। परिजनों की पहचान और पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190